mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-225 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
14 अगस्त 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



ईशान किशन ...
@ पेज 7

# बैठकों पर बैठक लेकिन कुछ नहीं हो पाया तय

- नए बीजेपी अध्यक्ष पर राहुल-अखिलेश ने मोदी को दे दी टेंशन
- बीजेपी अध्यक्ष के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर हुई बैठक
- बीजेपी और आरएसएस के नेताओं ने कई नामों पर किया विचार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को नया अध्यक्ष चाहिए। जगत प्रकाश नड्डा का बढ़ाया हुआ कार्यकाल भी खत्म हो गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर नए अध्यक्ष के नामों पर चर्चा के लिए पांच घंटे की लंबी-चौड़ी बैठक हुई। इस मीटिंग में राजनाथ सिंह के अलावा मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा, बीजेपी के संगठन महासचिव बीएल संतोष जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूसरे क्रम के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले और संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने हिस्सा लिया था। इसी वर्ष चार महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव हैं, फिर अगले वर्ष दिल्ली और बिहार जैसे प्रमुख राज्यों की बारी आएगी। इन अवसरों के साथ-साथ हाल के लोकसभा चुनावों में उभरीं चुनौतियां भी नए अध्यक्ष के चुनाव की कसौटियां बनेंगी। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों ने बीजेपी को बड़ा झटका दिया है। वहां अच्छी-खासी संख्या में खासकर पिछड़ा और दलित वर्ग के मतदाताओं ने बीजेपी से मुंह मोड़कर उसके विरोधियों का रुख कर लिया। यूपी में कांग्रेस और सपा ने मिलकर बड़ा नुकसान किया।

# चोरी-छिपे भारत से वापस जा रहे थे छह बांग्लादेशी

**बीएसएफ जवानों से हो गई मुठभेड़, एक मारा गया**

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों के एक समूह की बीएसएफ जवानों के साथ मुठभेड़ हो गई। जवाबी गोलीबारी में एक बांग्लादेशी तस्कर मारा गया। बीएसएफ ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। यह घटना 11 और 12 अगस्त की मध्य रात्रि को मालदा जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर चांदनी चक सीमा चौकी के पास हुई। बीएसएफ के बयान में कहा गया है, ''इलाके में गश्त कर रहे बीएसएफ के एक जवान ने पांच से छह लोगों को सिर पर सामान लेकर भारतीय क्षेत्र से बांग्लादेश की ओर जाते देखा। जवान ने तुरंत आगे बढ़ कर तस्करों को रुकने के लिए कहा। लोगों ने जवान के निर्देश को नजरअंदाज किया और झाड़ियों के पीछे छिपे तस्करों के एक अन्य समूह ने जवान पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि के खिलाफ बंद किया केस

- रामदेव-बालकृष्ण की माफी मंजूर की,कहा-आदेश नहीं माना तो सख्त सजा देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पतंजलि आयुर्वेद और योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है। कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कुछ भी करते हैं, जैसा कि पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने मंगलवार को फैसला सुनाया। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की थी।



### 15 अगस्त को आतिशी नहीं फहरा पाएंगी तिरंगा

- जीएडी ने खारिज किया सीएम केजरीवाल का प्रस्ताव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वो प्रस्ताव खारिज हो गया है जहां पर उन्होंने कहा था कि मंत्री आतिशी द्वारा 15 अगस्त को झंडा फहराया जाएगा। असल में जीएडी द्वारा सीएम केजरीवाल के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी गई है। कुछ दिन पहले ही जेल केजरीवाल ने एक लेटर जारी किया था जिसमें लिखा था कि आतिशी को ही 15 अगस्त को तिरंगा फहराने दिया जाए। ऐसा कहा गया कि अरविंद केजरीवाल नहीं चाहते थे कि उनकी अनुपस्थिति में एलजी वीके सक्सेना ध्वजारोहण करें, ऐसे में उन्होंने जिम्मेदारी अपनी ही एक मंत्री को दे दी।




### पंजाब के तरनतारन बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया ढेर

- चुनौती देने पर भी नहीं रुका, बीएसएफ जवानों ने फायर कर मार गिराया

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के तरनतारन बॉर्डर पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने एक पाक घुसपैठिए को ढेर कर दिया। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर बॉर्डर पर जारी अलर्ट को देखते हुए बीएसएफ के जवानों ने सतर्कता में ये कदम उठाया। वे भारतीय सीमा में घुस आया था और बार-बार चुनौती देने पर भी वापस ना लौटा। फिलहाल बीएसएफ जवानों ने उसके शव को कब्जे में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया है। बीएसएफ की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार, घटना 12-13 अगस्त की मध्य रात्रि की है।



# 2036 तक 152.2 करोड़ हो जाएगी हमारी आबादी

**● सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी की रिपोर्ट ● 60 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की की जनसंख्या 2036 तक 152.2 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। सोमवार को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस संबंध में एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में महिला और पुरुष के लिंगानुपात में सुधार होगा। इसका अर्थ है कि महिलाओं की संख्या में थोड़ा सुधार होगा। यह 2011 के 48.5 फीसदी की तुलना में 48.8 फीसदी हो जाएगी। भारत में महिलाएं और पुरुष 2023 नामक इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या 2011 से 2036 के बीच घटेगी। ऐसा जन्म दर कम होने की वजह से हो सकता है। इसके उलट, 60 साल या उससे अधिक उम्र के

- **15 साल से कम उम्र के बच्चों की संया में आ रही है कमी**



लोगों की संख्या में इस दौरान काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2036 की जनसंख्या की तुलना में 2011 की जनसंख्या में महिलाओं की संख्या कम थी लेकिन अब स्थिति बदल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, लिंगानुपात में सुधार हो रहा है। साल 2011 में हर 1000 पुरुषों पर 943 महिलाएं थीं, लेकिन 2036 तक यह बढ़कर 952 हो जाने की उम्मीद है। यह लैंगिक समानता की दिशा में एक अच्छी शुरुआत है। यह रिपोर्ट भारत में महिलाओं और पुरुषों की स्थिति की पूरी जानकारी देती है। इसमें जनसंख्या, शिक्षा, स्वास्थ्य, कामकाज और फैसले लेने की स्थिति के बारे में आंकड़े दिए गए हैं। रिपोर्ट में शहरों और गांवों के बीच और अलग-अलग राज्यों के बीच के अंतर को भी दिखाया गया है। इन आंकड़ों को अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के आंकड़ों से लिया गया है। लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और मापने के लिए लैंगिक आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये हमें प्रगति का पैमाना देते हैं।

# लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

**भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली निकली, सरकार ने 4 हजार स्पेशल गेस्ट को भेजा न्योता**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के लाल किले में 78वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां फाइनल स्टेज में हैं। मंगलवार को लाल किले पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें सेना के जवान ने मॉक ड्रिल की। वायुसेना ने भी आसमान में अपनी ताकत दिखाई। इस बार स्वतंत्रता दिवस की थीम विकसित भारत है। इसके तहत स्वतंत्रता के 100वें साल यानी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में युवा, महिलाएं और आदिवासी सहित 4 हजार स्पेशल गेस्ट शामिल होंगे। केंद्र सरकार की ओर से जारी लिस्ट में स्पेशल गेस्ट को 11 कैटेगरी में बांटा गया है। सभी गेस्ट 14 अगस्त को दिल्ली पहुंचे हैं। ये सभी अपने साथ परिवार के एक और सदस्य को ला सकते हैं। इनके अलावा 18 हजार ई-निमंत्रण कार्ड भेजे गए हैं। 150 महिला सरपंच को भी न्योता भेजा गया है। सरपंचों को सरकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने को योगदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा। मेरी माटी मेरा देश योजना के तहत 400 एनएसएस वॉलंटियर्स, माईभारत योजना के 100 लाभार्थी और पीएम श्री स्कूलों के स्टूडेंट्स भी शामिल होंगे।

# बारिश ने फिर ढाया 'कहर' पानी-पानी हुए कई शहर

**यूपी और एमपी के आधे से अधिक जिलों में बाढ़ जैसे हालात**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में गंगा और यमुना उफान पर हैं। 15 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वाराणसी में 65 घाट गंगा में डूबे हैं, जहां एनडीआरएफ तैनात है। लखीमपुर में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण 250 गांव में पानी भर गया है। करीब 2.50 लाख लोग प्रभावित हैं। मध्य प्रदेश के मुरैना में तालाब फूटने से 4 गांवों में पानी घुस आया है। इस कारण 20 गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में बारिश के चलते पिछले 2 दिनों में 26 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जयपुर समेत 4 जिलों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा में पहाड़ दरकने से 2 लोगों की मौत हो गई। उधर, श्रीनगर में खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा रोक दी गई। उत्तर प्रदेश में इस मानसून सीजन में 33 जिलों में बाढ़ आ चुकी है। इसमें कुल 17 लोगों की मौत हुई है। यूपी-उत्तराखंड और हरियाणा की सीमा पर स्थित हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसकी वजह से यमुना का जलस्तर बढ़कर एक लाख क्यूसेक पहुंच गया है। इसका असर सहारनपुर समेत कई जिलों में पड़ेगा।

- **यूपी के 15 जिलों में बाढ़, वाराणसी में 65 घाट गंगा में डूबे**



# शेख हसीना बांग्लादेश लौटीं तो जेल में कट सकती है बाकी उम्र!

- ढाका में दर्ज हुआ हत्या का केस, 19 जुलाई की घटना में हुआ निर्णय

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। 19 जुलाई को ढाका के मोहम्मदपुर इलाके में पुलिस गोलीबारी में किराने की दुकान के मालिक अबू सईद की मौत पर के मामले में शेख हसीना और छह अन्य को आरोपी बनाते हुए हत्या की धाराओं में केस किया गया है। शेख हसीना के साथ अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल-मामुन, पूर्व डीबी प्रमुख हारुन, पूर्व डीएमपी आयुक्त हबीबुर रहमान और पूर्व डीएमपी संयुक्त आयुक्त बिप्लब कुमार को आरोपी बनाया गया है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक, शेख हसीना और दूसरे नामजदों के अलावा कई अज्ञात उच्च पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। 5 अगस्त को पीएम पद से इस्तीफा देकर भारत भागने के बाद शेख हसीना के खिलाफ यह पहला मामला दर्ज किया गया है। इससे शेख हसीना की बांग्लादेश वापसी पर भी सवाल खड़ा गया है। वापसी पर अब बहुत मुमकिन है कि उनकी गिरफ्तारी हो और उनको जेल भेजा जाए। मोहम्मदपुर निवासी अमीर हमजा शातिल ने शेख हसीना और अन्य के खिलाफ ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राजेश चौधरी की अदालत में मामला दायर किया है। शिकायतकर्ता मृतक का रिश्तेदार नहीं है।



# 5 दिन हो गए, कोलकाता पुलिस ने कुछ नहीं किया

**ऐसे तो मिटा दिए जाएंगे सबूत, ऐक्शन में कोलकाता हाईकोर्ट**

**डॉक्टर रेप-मर्डर केस में सीबीआई को सौंपा केस,लगाई फटकार**

कोलकाता (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राज्य सरकार कल सुबह 10 बजे तक सीबीआई को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। चीफ जस्टिस टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे। प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के बाद फिर प्रिंसिपल बना दिया गया।




# रूस के 1000 वर्ग किमी इलाके पर यूक्रेन का कब्जा

**28 गांव छीने,पुतिन ने यूक्रेनी सैनिकों को खदेड़ने का दिया आदेश**



**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन ने रूस के 1,000 वर्ग किमी से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। एजेंसी के मुताबिक एक सप्ताह पहले यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। तब से यहां के करीब 28 गांवों पर कब्जा कर चुके हैं। कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों से लैस करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक 6 अगस्त को दाखिल हुए थे। इसके बाद रूस ने 8 अगस्त को ही यहां इमरजेंसी लगा दी थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे यूक्रेन की उकसाने वाली हरकत बताया है। उन्होंने अपने रक्षा अधिकारियों को यूक्रेनी सेना को रूसी इलाके से खदेड़ने का आदेश दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने सोमवार को कुर्स्क के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कुर्स्क के प्रमुख एलेक्सी स्मिरनोव ने पुतिन को बताया कि उनके इलाके में कई बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी हमले में 12 रूसी नागरिक भी मारे गए हैं। 121 लोग घायल हुए हैं। स्मिरनोव ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस में 30 किमी भीतर तक घुस चुकी है।

# 300 से अधिक बाइकर्स ने राजधानी के मार्गों पर दिया राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुए हर घर तिरंगा अभियान से पूरा देश नए उत्साह और उमंग से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के समय से आम आदमी द्वारा तिरंगा फहराने के संबंध में विशेष छूट दिलवाई थी। इसी का परिणाम है अब तिरंगा लहराना पूरे देश में जन-जन का अभियान बन गया है। हर घर तिरंगा अभियान में राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।

नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाएं भी इस दिशा में सक्रिय हैं। हम सब अपने घर पर पवित्र तिरंगा लगाए और इसकी मर्यादा का भी ध्यान रखें। यही हमारी क्रांतिकारी, शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल पुलिस की तिरंगा रैली का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल पुलिस कमिश्नर



कार्यालय से तिरंगा ध्वज लहराकर तिरंगा रैली को रवाना किया। उन्होंने तिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगे झंडों से सजी पुलिस की वाहन रैली को देशभक्ति गीतों के बीच झंडी दिखाई। साथ ही नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों द्वारा निकाली जा रही तिरंगा रैली को भी रवाना किया। तिरंगा रैली में 300 से अधिक बाइकर्स वर्दी में राजधानी के विभिन्न मार्गों पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने रवाना हुए। ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, सामाजिक संगठनों के सदस्य और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए।

पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने परिचयात्मक उद्बोधन में बताया कि पुलिस परिवार द्वारा आजादी के रंग-खाकी के संग थीम पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन जारी है। कार्यक्रम में विधायक श्री भगवान दास सबनानी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा, पुलिस कमिश्नर श्री हरिनारायण चारी मिश्र और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत टैरिफ के टाइम ऑफ डे रिबेट में औद्योगिक और उच्च दाब उपभोक्ता हुए लाभान्वित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि प्रदेश में औद्योगिक व उच्च दाब (एचटी) विद्युत उपभोक्ताओं, निम्न दाब (एलटी) औद्योगिक और गैर घरेलू उपभोक्ताओं (जिनका लोड 10 किलोवाट से अधिक है) के लिए नये विद्युत टैरिफ में दिन के समय में (सौर ऊर्जा अवधि के घंटों के दौरान) सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की गयी खपत पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट तथा शाम 5 से रात्रि?10 बजे के दौरान की गयी ऊर्जा खपत पर 20 प्रतिशत का सरचार्ज लागू किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को दिन के समय खपत करने पर उनके विद्युत देयकों में कमी आयी है, साथ ही उच्चतम मांग अवधि के दौरान कोयला आधारित विद्युत की मांग पर नियंत्रण हो रहा है। उन्होंने बताया है कि विद्युत वितरण कंपनियों की इस योजना से प्रदेश के कुल 10025 औद्योगिक एवं उच्च दाब उपभोक्ता लाभान्वि?त हुए हैं। इनको प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अप्रैल से अब तक 310 करोड़ 66 लाख रूपए का रिबेट प्रदान किया गया है। नये विद्युत टैरिफ में उच्च दाब उपभोक्ताओं को पूर्व से लागू रात्रि?10 बजे से अगली सुबह 6 बजे तक विद्युत खपत करने पर भी टाइम ऑफ डे (टीओडी) रिबेट प्रदान करने का प्रावधान था, जिसे मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी रखा गया है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर द्वारा अप्रैल से अब तक 2335 औद्योगिक व उच्च दाब उपभोक्ताओं को कुल 69 करोड़ 93 लाख रूपए, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा 3150 उपभोक्ताओं को कुल 114 करोड़ 98 लाख रूपए और पश्चि?म क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 4540 उपभोक्ताओं को कुल 125 करोड़ 75 लाख रूपए का रिबेट प्रदान किया गया है।

### मेडिकल स्टोर खोलने से हुआ सुमित की बेरोजगारी का स्थायी निदान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बेरोजगारी एक प्रकार की आर्थिक बीमारी ही होती है। बेरोजगार व्यक्ति हताशा की ओर बढ़ने लगता है। बेरोजगारी का निदान जितना जल्दी हो जाये, उतना ही अच्छा। मण्डला जिले के बिछिया के रहने वाले सुमित रजक भी बेरोजगार ही थे। जरूरी डिग्री हासिल करने के बाद सरकारी सेवक बनने का प्रयास कर रहे थे, पर कहीं भी सफलता नहीं मिली। निराशा के इन्हीं दिनों में सुमित के पिता को भारतीय स्टेट बैंक बिछिया से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी मिली। पिता से रायशुमारी कर सुमित ने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला के सहायक प्रबंधक से मिलकर इस योजना में ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया। बैंक ने भी देरी नहीं की और सुमित को तीन लाख रूपये का स्वरोजगार ऋण दे दिया। बेरोजगारी से परेशान सुमित को स्थायी रोजगार के लिए बड़ा सहारा मिल गया। ऋण राशि से उसने मेडिकल स्टोर खोला। दवाइयां सबकी बारहमासी जरूरत होती ही हैं। बस, सुमित का मेडिकल स्टोर भी अच्छे से चल पड़ा। इस मेडिकल स्टोर से सुमित को समुचित आवक होने लगी। अब वे अपनी सारी जिम्मेदारियां भी बखूबी पूरी कर रहे हैं। इस योजना ने उसकी बेरोजगारी का पुख्ता निदान कर दिया है। सुमित इस अभिनव योजना के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बार-बार आभार जताते हैं।

### राज्यसभा निर्वाचन के लिये 14 अगस्त से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश सहित 9 राज्यों में होने वाले राज्यसभा निर्वाचन के लिये विगत 7 अगस्त को अधिसूचना जारी कर दी गई है। श्री राजन ने बताया कि राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश में बुधवार, 14 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 26 अगस्त है। मतदान 3 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना एवं परिणाम की घोषणा भी इसी दिन की जाएगी।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर बुधवार को ग्वालियर में रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** समाज के हर व्यक्ति को गौरव की अनुभूति कराकर राष्ट्र के वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीरता व संघर्ष के संदेश को समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर 14 अगस्त को सुबह 9 बजे से ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अगुवाई में ग्वालियर में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की समाधि स्थल से प्रारंभ होगी तथा ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए फूलबाग गांधी उद्यान पर पहुंचेगी। तिरंगा यात्रा का ग्वालियर में वीरांगना रानी चौराहा, हजीरा, किला गेट, घासमंडी चौराहा, कोटेश्वर, मोहिते गार्डन, संत कृपाल सिंह आश्रम, बहोड़ापुर चौराहा, कटी घाटी, गेंडे वाली सड़क, शिंदे की छावनी होते हुए फूलबाग गांधी उद्यान पर पहुंच कर समापन होगा।

# सफलता का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता-उप-मुख्यमंत्री शुक्ल




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है। आज नागरिकों के पास विकास की अनंत संभावनायें हैं। इन संभावनाओं का लाभ उठाकर भारत को विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से पूरे मनोयोग से प्रयास कर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का कोई शॉर्ट-कट नहीं होता।

सफल व्यक्तियों के जीवन से उनके अथक प्रयास और लगन की सीख आम नागरिकों को मिलती है। जो उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, साथ ही प्रगति की राह में मार्गदर्शन का कार्य भी करती है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल रेडिसन भोपाल में माईएफ़एम एक्सीलेंस अवॉर्ड्स-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं उद्यमियों को पुरस्कृत किया।

# कार्यों में लापरवाही पर करें कड़ी कार्रवाई-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करायें। कार्यों में लापरवाही करने वाली एजेंसियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में आरडीएसएस में चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने केपेसिटर बैंक की स्थापना के कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धीमी गति से काम क्यों हो रहा है। प्रत्येक कार्य का



अलग-अलग एक्शन प्लान बनायें। साथ ही प्लान अनुरूप कार्यवाही करें। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि फीडर सेपरेशन का कार्य प्राथमिकता से करायें। भोपाल में अंडर ग्राउण्ड केबल बिछाने के कार्य की सतत् समीक्षा करें। ऊर्जा मंत्री ने विद्युत ट्रांसफार्मर, नये उप केन्द्रों की स्थापना, भूमिगत केबल अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मरों की स्थापना सहित अनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, एमडी मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उद्यानिकी फसल अपनाने से किसान संजीव की जिंदगी में आया बदलाव

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों के जीवन में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अब किसान परंपरागत खेती के साथ-साथ उद्यानिकी खेती की ओर भी तेजी से बढ़ रहे है। कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश में उद्यानिकी फसलों का भी रकबा बढ़ा है। इसी तरह का बदलाव ग्वालियर जिले के भितरवार विकासखंड के ग्राम गोहिंदा के रहने वाले प्रगतिशील किसान संजीव के जीवन में भी आया है। संजीव पहले धान की पारंपरिक खेती किया करते थे। जी-तोड़ मेहनत के बाद भी उन्हें अपनी खेती से उतनी आमदनी नहीं हो पाती थी, जितनी वे उम्मीद रखते थे। ऊपर से यदि मानसून धोखा दे जाए तो फसल उत्पादन और घट जाता था। संजीव ने फसल में बदलाव क्या किया कि उनकी जिंदगी ही बदल गई। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने संजीव के जीवन में सुखद बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है। किसान संजीव बताते हैं कि धान की फसल में लागत ज्यादा और आमदनी कम होती थी। जब तमाम प्रयासों के बाबजूद आशा के अनुरूप आमदनी नहीं बढ़ी तब उन्होंने उद्यानिकी फसल की और कदम बढ़ाए। इसके लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से तकनीकी मदद ली। उनकी सलाह पर संजीव ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप विथ मल्चिंग पद्धति से बैगन उत्पादन शुरू किया। इस पर लगभग एक लाख 55 हजार रूपए की लागत आई, जिसमें प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 70 हजार रूपए का अनुदान भी प्राप्त हुआ।

अब मात्र एक हेक्टेयर रकबे में ड्रिप विथ मल्चिंग पद्धति से बैंगन की खेती करने पर लागत निकालकर 5 लाख रूपए की शुद्ध आमदनी हो रही है। किसान संजीव बताते हैं कि जब हम अपने एक हेक्टेयर के खेत में धान उगाते थे तब एक लाख रूपए की लागत आती थी और हमें लगभग एक लाख 92 हजार रूपए की आय होती थी। इसमें अगर हम अपनी मेहनत जोड़ लें तो आमदनी न के बराबर ही हो पाती थी। अब हमने उद्यानिकी विभाग की मदद ली। संजीव बताते हैं कि धान का उत्पादन 55 क्विंटल प्रति हेक्टेयर था वहीं बैंगन का उत्पादन 700 क्विंटल प्रति हैक्टेयर हो रहा है। ड्रिप विथ मल्चिंग पद्धति से बैंगन उत्पादन में 2 लाख रूपए प्रति हेक्टेयर का खर्चा आता है और 7 लाख रूपए की आय होती है। इस प्रकार हमें 5 लाख रूपए की आमदनी एक हेक्टेयर रकबे से होने लगी है। आमदनी बढ़ने से संजीव के चेहरे पर खुशी देखने को मिल रही है। सरकार की योजना के प्रति धन्यवाद जाहिर करते हुए वे कहते हैं कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ने हम जैसे जरूरतमंद कृषकों का जीवन संवार दिया है।

### पहले खुद बेरोजगार थे, अब दो लोगों को रोजगार दे रखा है

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वो दिन अब फना हुए, जब करण बेरोजगार थे। कुछ कर गुजरने का सपना दिल में लिये करण यहां-वहां हाथ-पैर मारते रहे, पर कहीं ठौर न मिला। थककर एक किराना दुकान में दिहाडी में मजदूरी भी कर ली, पर मन वहां भी नहीं लगा। बेगारी के इन्हीं दिनों में मण्डला जिले के कारीकान (महाराजपुर) निवासी करण गोठिया को 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (योजना)' की जानकारी मिली। फिर क्या था... करण के सपनों को पंख लग गये। उसे कार वाशिंग का थोड़ा बहुत अनुभव पहले से था ही, तो इस योजना में कार वाशिंग सेंटर खोलने का मन बनाकर उसने बैंक ऑफ इंडिया मंडला में बिजनेस लोन के लिये एप्लाय कर दिया। बैंक ने भी औपचारिकताएं पूरी कर करण को वर्ष 2023 में 3 लाख 20 हजार रूपये का स्वरोजगार ऋण दे दिया। बस, यहीं से करण की जिन्दगी में बदलाव शुरू हुआ। उसने 2023 में ही कार वाशिंग सेंटर खोला। कार वाशिंग करते-करते करण की किस्मत भी चमक गई। उसका सेंटर बहुत अच्छे से चलने लगा। पहले बेरोजगार करण ने अब अपने वाशिंग सेंटर में बढ़ते काम की व्यस्तता के चलते 2 जरूरतमंदों को रोजगार पर रख लिया है। स्वरोजगार ऋण की छह हजार रूपये मासिक किश्त भी करण समय पर जमा कर रहे हैं। अपने परिवार के छह सदस्यों का पालन-पोषण भी अब करण पूरी जिम्मेदारी और सामर्थ्य से कर रहे हैं। वह और उसका परिवार अब खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। सरकार की इस योजना ने उसका जीवन ही बदल दिया है। इसके लिये करण सरकार का आभार जताना कभी नहीं भूलते।

# हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई जाएगी स्वतंत्रता की 77 वीं वर्षगांठ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारतीय स्वाधीनता की 77 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। मंगलवार को पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस परेड एवं फाइनल रिहर्सल यहां लाल परेड ग्राउंड में हुई। पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री साजिद फरीद शापू, पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर भोपाल सुश्री किरण गुप्ता एवं नगर निगम आयुक्त श्री



हरेन्द्र नारायण सहित अन्य अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फुल ड्रेस परेड के फाइनल अभ्यास के दौरान 7वीं बटालियन के सहायक उप निरीक्षक श्री हीरा लाल यादव ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड द्वारा सलामी के बाद परेड का निरीक्षण कर संदेश का वाचन किया। उसके बाद परेड का विसर्जन कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। फाइनल अभ्यास परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के सहायक पुलिस आयुक्त भोपाल श्री मयूर खंडेलवाल ने किया। सहायक परेड कमांडर की भूमिका सहायक सेनानी हॉकफोर्स बालाघाट श्री सोनू कुर्मी ने निभाई। संयुक्त अभ्यास परेड में पुलिस बैण्ड सहित कुल 17 टुकड़ियों ने भाग लिया।

# राहतगढ़ वॉटरफॉल प्रदेश में प्राकृतिक सुंदरता में नाम स्थापित करेगा- मंत्री राजपूत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राहतगढ़ वॉटरफॉल बुंदेलखंड के साथ-साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश में प्राकृतिक सुंदरता में अपना नाम स्थापित करेगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह विचार सुरखी विधानसभा क्षेत्र के राहतगढ़ में वाटरफॉल में सौंदर्यीकरण एवं विश्राम गृह, कैंटीन के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किये। कैंटीन में क्षेत्र वासियों के साथ नाश्ता भी किया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड सहितसंपूर्ण प्रदेश से पर्यटक राहतगढ़ वॉटरफॉल को निहारने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि यहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि



वाटरफॉल में विश्रामगृह, कैंटीन, बच्चों के लिए खेल सामग्री, फोटोग्राफी के लिए सेल्फी प्वाइंट, घुड़सवारी की व्यवस्था, सुलभ कंपलेक्स की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वाटरफॉल परिसर में बाई-फाई सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस वॉटरफॉल में राष्ट्रीय स्तर की व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं और भी जो जरूरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि शीघ्र ही वॉटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां भी प्रारंभ होंगी। मंत्री श्री राजपूत ने पर्यटन स्थल पर साफ सफाई को लेकर कैंटीन, विश्रामगृह के कर्मचारियों सहित क्षेत्रवासियों एवं आम जनों से अपील करते हुए कहा कि यह सुंदर पर्यटन स्थल तब तक ही सुंदर रहेगा, जब तक हम इसकी साफ सफाई पर ध्यान देंगे।

इसलिए हर व्यक्ति साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। साफ-सफाई के लिए यहां जगह-जगह डस्टबिन रखे गए हैं, इसका इस्तेमाल आप सभी करें। खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री राजपूत राहतगढ़ में तिरंगा रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी देश की पहचान एवं शान है। इस दौरान स्थानीय जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आपका थाना आपके गांव का आयोजन

## पुलिस के अधिकारियों ने पहुंचकर लगाईं चौपाल, किया समस्याओं का समाधान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सामुदायिक पुलसिंग के तहत सीधी पुलिस का विशेष अभियान आपका थाना आपके गांव का जिले भर में आयोजन किया गया है। जहां अभियान में उपस्थित जनता की समस्याएं सुनकर वही पर निराकरण भी किया जाता है।

पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के द्वारा जोन अंतर्गत जिलों में पुलिस की जनता के बीच सामुदायिक पुलिसिंग, दूरदराज क्षेत्रों में दृश्य पुलिसिंग और पुलिस की उपस्थिति के साथ ही अपराधियों में डर पैदा करने के उद्देश्य से मंगलवार को समाधान आपका थाना आपके गांव का आयोजन जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत किया गया है।

इसके तहत पुलिस अधीक्षक जिला सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा जिले में लोगों की समस्या को उनके गांव में ही सुनकर वहीं पर उसका समाधान करने के लिए समस्त थाना चौकी प्रभारियों को आपका थाना आपके गांव अभियान चलाया है।





जहां मंगलवार को जाकर कार्यक्रम के पूर्व वाहन आदि के माध्यम से कार्यक्रम के बारे में प्रचार प्रसार करने के निर्देशित किया गया है। जिसके तहत थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम रामपुर पटेहरा में, थाना जमोड़ी अंतर्गत ग्राम सिरसी में, थाना भुईमाड अंतर्गत पंचायत भवन ग्राम करैल में, थाना मझौली अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजरी में, थाना अमिलिया अंतर्गत ग्राम बघौड़ी में, थाना कमर्जी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल्हूडीह में, थाना चुरहट अंतर्गत ग्राम बरिगवां में, थाना कुसमी अंतर्गत ग्राम धूपगढ़ में, थाना बहरी अतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया में, थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत चकरौड़ में आपका थाना आपके गांव अभियान का आयोजन किया गया।

इसमें संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, संबंधित थाना वा चौकी के प्रभारी और थाना स्टॉफ के साथ ग्राम, राजस्व के अधिकारी वा कर्मचारी, विजली विभाग के अधिकारी वा कर्मचारी, पंचायत के सचिव, सरपंच, गणमान्य लोग एवं ग्राम पंचायत की जनता उपस्थिति रहे है।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को नए कानून, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध एवं महिला संबंधित अपराधों के बारे में जानकारियां दी गई एवं जनता की समस्याओं की सुनवाई की जाकर वही पर निराकरण किया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल

### कलेक्टर-एसपी ने ली परेड की सलामी, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिंगरौली जिले के बैढ़न स्थित राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में राष्ट्रीय सलामी परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंगलवार को स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस परेड की फाइनल रिहर्सल हुई।

इस दौरान सबसे पहले ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय सलामी हुई। कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया। रिहर्सल परेड में शामिल पुलिस बैंड प्लाटून का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

आयोजन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने वाद्य यंत्र, संगीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन किया। एसपी ने परेड कमांडर, सभी प्लाटून कमांडर और परेड में उपस्थित बल को निर्धारित साफ गणवेश, पंक्तिबद्ध मार्च, कमांड और हर्ष फायरिंग के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

## हर घर तिरंगा' अभियान

### सिंगरौली के गड़हरा में स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले के गड़हरा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली।

जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के निर्देश पर मंगलवार दोपहर 2 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल गड़हरा से रैली प्रारंभ हुई। इसके रैली देवरी गांव का भ्रमण करते हुए वापस स्कूल पहुंची। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से भारत माता के जयकारे लगाए और देश की स्वतंत्रता के लिए कुर्बानी देने वाले महापुरुषों को श्रद्धांजलि देने के लिए 15 अगस्त को अपने घरों में तिरंगा लगाने की अपील की।

रैली में स्कूल के प्राचार्य अरुण दुबे, शिक्षक सुब्बालाल विश्वकर्मा, राघवेन्द्र शुक्ला , राकेश उपाध्याय, रमेश त्रिपाठी, आशुतोष मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में करेंगे ध्वजारोहण

**सीधी निप्र।** 15 अगस्त को 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा है कि 15 अगस्त को जवाहर कांग्रेस भवन सीधी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ नेतागण पूर्व सांसद पूर्व विधायक जिला पंचायत के सदस्यगण जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यगण नगरीय निकायों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण पूर्व अध्यक्षगण जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस सेवादल एनएसयूआई के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सभी सहयोगी संगठनों एवं प्रकोष्ठों के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर के अध्यक्षगण एवं पदाधिकारी और सभी बीएलए साथी सादर आमंत्रित हैं।

# ग्रामीणों ने सड़क पर लगा दिया धान

## सड़क निर्माण नहीं होने से 400 मीटर लंबी सड़क पर भर जाता था पानी, नाराज ग्रामीणों ने किया

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे झींकबिजुरी में ग्रामीणों ने सड़क पर ही धान की रोपाई कर दी है। ग्रामीण खराब सड़क को लेकर पिछले कई साल से परेशान हैं। झींकबिजुरी के बस स्टैंड में यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है। ग्रामीण जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी से भी कई बार सड़क निर्माण की गुहार लगा चुके हैं। विधायक और प्रशासन की अनदेखी से परेशान हो कर ग्रामीणों ने विरोध के तौर पर बीच सड़क पर ही धान का रोपा लगा दिया।

**400 मीटर में भर जाता है पानी:** झींकबिजुरी में रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ और केशवाही को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। सड़क झींकबिजुरी बस स्टैंड के पास 400 मीटर खराब है। यहां बरसात में 4 फीट तक पानी भर जाता है। गांव में रहने वाले लोग बरसात के समय कई परेशानियों का सामना कर यह 400 मीटर की सड़क को पार करते हैं।



**लौटा चुके हैं विधायक की विकास यात्रा:** शिवराज सरकार में जैतपुर विधानसभा की तत्कालीन विधायक मनीषा सिंह को भी ग्रामीणों का सामना करना पड़ा था। विकास यात्रा के दौरान झींकबिजुरी काफिला लेकर पहुंची विधायक को ग्रामीणों ने बस स्टैंड से ही लौटा दिया था। तब विधायक ने जल्द ही सड़क निर्माण की बात कही थी।

**वर्तमान विधायक से भी लगा चुके हैं गुहार:** झींकबिजुरी निवासी रमेश सिंह ने बताया कि वर्तमान विधायक जयसिंह मरावी को भी बारिश के पहले कई बार आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग की जा चुकी है। विधायक मरावी पर भी अनदेखी का आरोप है। यह मार्ग पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत आता है, जिसकी वजह से निर्माण कार्य कराने में दिक्कतें हो रही हैं।

**ग्रामीणों ने कहा अब करेंगे चक्काजाम:** ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण नहीं होने से कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार बार विधायक और प्रशासन को आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई हमारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है। सड़क निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई तो ग्रामीण मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करेंगे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत् खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि बढ़ाई गई

## किसान 25 अगस्त तक करा सकेंगे अपनी फसलों का बीमा: उप संचालक कृषि

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि को 25 अगस्त 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। निश्चिय ही इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी और वह अधिक संख्या में योजना का लाभ लें पायेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से यदि किसानों की फसल खराब होती है तो इस स्थिति में फसल को होने वाले नुकसान की छतिपूर्ति की जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत समस्त ऋणी व अऋणी किसान 24 अगस्त 2024 तक फसलों का बीमा करा सकते हैं। पहले इसके लिए अन्तिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 25 अगस्त तक कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पटवारी हल्का स्तर पर अरहर, मक्का एवं धान, तहसील स्तर पर तिल, ज्वार एवं कोदो कुटकी तथा जिला स्तर पर उड़द एवं मूंग फसलों को अधिसूचित किया गया है। किसानों के लिए खरीफ मौसम में प्रीमियम दर अनाज, तिलहन, दलहन सभी फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत या वास्तविक दर जो भी कम हो देय होगी। उप संचालक कृषि सीधी संजय श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत धान सिंचित फसल की बीमाधन राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार 860 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 817.20 रुपये है, धान असिंचित फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 855 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 617.10 रुपये है। अरहर फसल की प्रति हेक्टेयर बीमाधन राशि 30 हजार 411 रुपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमाकंन राशि 608.22 रुपये है, मक्का फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 29 हजार 856 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 597.12 रूपये है, मूंग फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 328 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 426.56 रूपये है, उड़द फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 21 हजार 735 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 434 .70 रूपये है, तिल फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 597 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 471.94 रूपये है, ज्वार फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 23 हजार 923 रूपये हैं जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 478.46 रूपये है, कोदो कुटकी फसल की प्रति हैक्टेयर बीमाधन राशि 15 हजार 803 रूपये है जिसकी 2 प्रतिशत बीमांकन राशि 316.06 रूपये है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अन्तिम तिथि 25 अगस्त 2024 है। अऋणी कृषक (अल्पकालिक फसल ऋण न लेने बाले कृषक) अपनी फसलों का बीमा अपनी नजदीकी बैंक/शाखा जहाँ कृषक का बैंक खाता है, के माध्यम से नजदीकी सी.एस.सी सेन्टर के द्वारा करा सकते हैं, या फिर क्राप इंश्योरेंस एप को किसान भाई गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर स्वयं भी कर सकते हैं।

## पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

### एक दिन बाद सामने आया वीडियो, क्रॉस एफआईआर दर्ज



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिले से एक वीडियो सामने आया है जिसमें कुछ महिला पुरुष एक दूसरे पर लाठी-डंडे बरसाते नजर आ रहे हैं। घटना सोमवार की, हरपालपुर थाना क्षेत्र के कराठा गांव की है। जिसका वीडियो आज सामने आया है।

जानकारी के अनुसार एक माह पहले जमीनी विवाद को लेकर ठाकुर परिवार ने श्रीवास परिवार के साथ मारपीट की थी। जिसकी शिकायत श्रीवास परिवार ने शिकायत थाने में की थी। इसी बात की शिकायत वापसी करने के लिए ठाकुर परिवार के लोग श्रीवास परिवार पर दबाव बना रहे थे। जब श्रीवास ने बात नहीं मानी तो विवाद हो गया। फिर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के 6 लोगों को मामूली चोट आई थी।

हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि एक माह पहले ठाकुर परिवार पर मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। कल सुबह दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। जिसमें दोनों पक्ष पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## पुलिस परेड का फाइनल रिहर्सल

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने किया निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर जिला मुख्यालय की पुलिस लाइन में पिछले कुछ दिनों से 15 अगस्त के कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। जिसमें मंगलवार की सुबह 11 जिला कलेक्टर और एसपी मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम की तैयारी में कुछ कमी दिखने पर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर होने वाली पुलिस परेड की फाइनल रिहर्सल की गई। जानकारी के अनुसार शहर की पुलिस लाइन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सलामी व परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए विगत दिनों से पुलिस परेड ग्राउंड में रिहर्सल भी निरंतर किया जा रहे हैं।

जिसके चलते आज 13 अगस्त को पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस परेड का फाइनल रिजल्ट संपन्न किया गया। जिसमें कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन के द्वारा परिसर का निरीक्षण करते हुए परिसर में व्यवस्था हेतु संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसलिए यातायात प्रभारी एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

स्वतंत्रता दिवस परेड की परेड कमांडर पूर्णिमा मिश्रा व सेकेंड परेड कमांडर सूबेदार प्रभा सिलावट के कमांडिंग के नेतृत्व में जिला पुलिस बल छतरपुर, विशेष सशस्त्र बल कंपनी 29वीं बटालियन दतिया, पुलिस बैंड प्लाटून, नगर सैनिक बल राष्ट्रीय कैंडेट कोर, स्काउट सहित विभिन्न प्लाटून द्वारा परेड मार्च रिहर्सल संपन्न किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल,एसपी अगम जैन,अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेव, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुए वीडी शर्मा

## बाइक रैली से नगर में किया भ्रमण, घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र पन्ना पहुंचे। जहां उन्होंने घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत करते हुए अपने निवास पर तिरंगा फहराया।जिसके बाद वह बुजुर्ग नेताओं के घर पहुंचे और लोगों से हर घर तिरंगा फहराने की अपील की। नगर के टाउन हॉल से आयोजित तिरंगा यात्रा में वही सांसद वीडी शर्मा शामिल हुए।

दरअसल स्वतंत्रता दिवस दो दिन पहले प्रदेश भर में तैयारियां जोरों पर है। इसी बीच हर घर तिरंगा फहराने के अभियान की शुरुआत भी की गई। जिसकी शुरुआत करने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा मंगलवार को पन्ना पहुंचे।

उन्होंने सर्वप्रथम अपने निवास पर तिरंगा फहराया और फिर कुछ नेताओं के घर जाकर हर घर तिरंगा फहराने की अपील भी की। वहीं भाजपा ने नगर के टाउन हॉल तिरंगा अभियान को लेकर सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने शामिल होकर कार्यकर्ताओं और नगरवासियों को संबोधित किया। जिसके उपरांत तिरंगा बाइक यात्रा में शामिल हुए।





खुद बाइक चलाकर शहर में बाइक रैली शामिल सभी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। इस दौरान विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अपील की है। वह घर-घर पहुंचे और देश भावना से प्रेरित होकर लोग अपने घर तिरंगा फहराएं। इसकी अपील करने आया हूं।

इस दौरान पत्रकारों का सवाल का जवाब देते है उन्होंने पश्चिम बंगाल में डॉक्टर से रेप की घटना की निंदा की और कहा कि ममता बनर्जी के शासन में लोग दुखी हैं। सरेआम वहां की जनता के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने इस घटना की आलोचना करते हुए सरकार पर प्रहार किया।

इस दौरान पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पन्ना जिला अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, जयप्रकाश चतुर्वेदी, सतांनद गौतम, मीनाराजे सिंह, मीना पांडे और आशीष तिवारी सहित पार्टी पदाधिकारी के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा कमालुद्दीन मंसूरी तनय जमालुद्दीन मंसूरी उम्र 24 वर्ष एवं मोहम्मयद शाहिद अंसारी तनय आशिक अली उम्र 21 वर्ष दोनो निवासी ग्राम हिनौती थाना कमर्जी जिला सीधी को धारा 366 भादवि में 10.10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 50000 अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन कार्यालय के मीडिया सेल प्रभारी से मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि अभियोक्त्री 15अगस्त 2023 के शाम 4 बजे वह गांव के सरपंच के घर पर मजदूरी का पैसा लेने जा रही थी। रास्ते में दो लड़के काले रंग की मोटर सायकिल से मिले जो अभियोक्त्री को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर तेंदुआ में नहर की मेढ़ में ले गये जहां पर उसके साथ गलत काम करने लगा और उसका साथी मोटर सायकिल के पास खड़ा होकर मोबाईल चला रहा था एवं आने जाने वाले लोगों पर नजर रख रहा था। तभी अभियोक्त्री के मामा के लड़के आ गये एवं आरोपी को पकड़ लियें। उक्त घटना की रिपोर्ट अवयस्क अभियोक्त्री द्वारा दिनांक 17.08.2023 को थाना कमर्जी में किये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 318/23 अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 363, 366, 120, 376ए 376.क एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियमए 2012 की धारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# विचार


## बांग्लादेश में लोकतंत्र ढहने की मूल वजहें

'वीसीज़ फॉर कमला' के नाम तले एक समूह ने बयान जारी कर कहा है 'इस महत्वपूर्ण बेला में हम सब एकजुट होकर कमला हैरिस का समर्थन करते हैं।' यह गुट तकनीक उद्योग की प्रतिष्ठित कुछ कंपनियों के महत्वपूर्ण अगुआओं का है, जिसमें लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन, एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव वॉज़निएक और सन माइक्रोसिस्टम्स के सह-संस्थापक विनोद खोसला शामिल हैं। इस समूह ने 700 टेक लीडर्स के हस्ताक्षर युक्त अपने वक्तव्य में कहा, 'हम व्यवसाय के पक्ष में हैं, हम अमेरिका को आगे ले जाने के स्वप्न के पक्षधर हैं, हम नवोन्मेष के समर्थक हैं, हम तकनीकी प्रगति के हक में हैं। हमारा विश्वास अपने देश के रीढ़ रूपी लोकतंत्र में है। हमारा मानना है कि मजबूत, विश्वसनीय संस्थान एक विशेषता हैं न कि बुराई -उद्योग कोई भी हो- उनके बिना ढह जाएगा।' यह उन दो मूलभूत सिद्धांतों -लोकतंत्र एवं संस्थान- को प्रतिपादित करते हैं, जिसकी नींव पर देश उन्नति करते हुए विकसित राष्ट्र बनता है। ये वो सिद्धांत हैं, जिन्हें साहसी स्त्री-पुरुषों ने लागू किया था, जो अधिनायकवादी, फसादी, फासीवादी और हिंसात्मक ताकतों से लड़े और उन्हें हराया। लड़ाई अभी भी जारी है और तानाशाही एवं फसादी ताकतें लोकतंत्र एवं कानून के राज को लीलने को तत्पर हैं। संस्थान, जो कि संविधान और संसद में निहित आदेश-पत्र से वजूद में आए, यूरोप और उत्तर अमेरिका में उनमें अधिकांश अपने कर्तव्यों को अंजाम देने को डटकर खड़े हैं, हालांकि मजबूत जिद्दी ताकतें इनके विरोध में हैं।' 'द मैग्ना कार्टा लिब्रटेटम' (स्वतंत्रता का महान राजपत्र) में सार्वभौम अर्थात शासक को कानून के शासन के तहत बताया गया है और इसमें आजाद इंसान को मिली स्वतंत्रताओं का जिक्र है। यह एंग्लो-अमेरिकन न्याय-प्रणाली में नागरिक अधिकारों को आधार मुहैया करवाता है। आगे चलकर, राजा के 'दिव्य अधिकारों' को धीरे-धीरे छीन लिया गया, जिससे लोकतंत्र की स्थापना हुई। यह समाज का रूपांतरण था, जहां से कानून का राज और आम नागरिक का सशक्तीकरण स्थापित हुआ। इससे महान लोकतंत्र बनाने की राह प्रशस्त हुई। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर के शब्दों में 'एक देश केवल इसलिए समृद्ध नहीं होता कि उसके पास अकूत प्राकृतिक स्त्रोत हैं, यदि ऐसा होता तो आपका देश (रूस) विश्व का सबसे अमीर मुल्क कब का बन चुका होता। यह उद्यमित्ता है जिससे धन पैदा होता हैञ्ज मैं जिस पूंजीवाद की समर्थक हूं, उसका अर्थ सबके लिए मनमर्जी की खुली छूट नहीं है बल्कि वह है जिसमें कोई ताकतवर अपनी हैसियत का फायदा ईमानदारी, भद्रता और सामूहिक कल्याण की एवज में न उठाने पाए।

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

**ललित गर्ग**

**चीन की कटपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है।**



देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं। मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्त्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में भारत-मालदीव के बीच बढ़ रही दूरी का असर मालदीव के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक था। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति अच्छा रहा हैं लेकिन चीन पोषित भारत विरोध की ऐसी अकारण नफरत भारत क्यों बर्दाश्त करें? निश्चित ही मालदीव के रवैये का दोनों देशों के बीच की सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव पडा। भारतीय यदि मालदीव का बहिष्कार करने लगा तो वहां अर्थव्यवस्था चरमरा जायेगी, यह बात समझने में मालदीव को देर नहीं लगी। अपनी भूल को सुधारते हुए उसने भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है जो दोनों देशों के हित में है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने में भारत सक्षम है, पडोसी देशों में भारत ही मजबूत स्थिति में है, आर्थिक एवं सामरिक दोनों ही दृष्टि से भारत अपने पडोसी देशों में सशक्त एवं ताकतवर है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

# भारी पड़ती सुविधाओं के नाम पर बैंकों की वसूलियां

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



पिछले पांच सालों में एसबीआई को छोड़ शेष 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने केवल और केवल मिनिमम बैलेंस के नाम पर 8 हजार 500 रु. करोड़ रु. की कमाई की है। इसका साफ साफ अर्थ है कि गरीब आदमी के खातों से साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए तो इन बैंकों में न्यूनतम बैलेंस ना रख पाने के कारण गवाने पड़े है। यह तो तब है जब देश के सबसे बड़े बैंक ने 2019-20 में न्यूनतम बैलेंस की पैनेल्टी के रुप में 640 करोड़ जुर्माना के रुप में वसूलने के बाद न्यूनतम बैंलेंस पर पेनेल्टी लगाने का आदेश वापिस ले लिया। 12 में से 11 बैंकों की साढ़े 8 हजार करोड़ की पांच साल में पेनेल्टी वसूली रही है तो कल्पना की जा सकती है कि निजी क्षेत्र के बैंकों ने इस तरह के जुर्माने से कितना खजाना भरा होगा। साढ़े 8 हजार करोड़ रु. की जुर्माना राशि का आंकड़ा किसी भी तरह से कपोल कल्पित या अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं क्योंकि यह जानकारी अधिकृत रुप से संसद में केन्द्रीय वित राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा दी गई है। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश में बैंकों में मार्च, 23 में 294 करोड़ से अधिक खाते हैं। अब यह स्पष्टीकरण देने का कोई मतलब नहीं कि यह पैसा गरीब खातेदारों के अकाउंट्स से ही गया हैं क्योंकि पैसे वाले खाताधारकों के खातों में तो न्यूनतम बैलेंस रहता ही है। देश में बैंकिंग नेटवर्क का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, 22 निजी क्षेत्र के बैंक, 44 विदेशी बैंक, 56 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 1485 अरबन कोआपरेटिव बैंक और हजारों की संख्या में ग्रामीण सहकारी बैंकिंग संस्थाएं हैं। यह तो सभी संस्थागत बैंकिंग संस्थाएं है। इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंकिंग सेवाओं का विस्तार हुआ है। 24 गुणा 7 सेवाएं मिलने लगी है। जन धन खातों की परिकल्पना से गरीब से गरीब आदमी का बैंकों से जुड़ाव हुआ है। और अब डिजिटल लेन-देन की सुविधा ने तो सब कुछ ही बदल कर रख दिया है। आज पांच रुपए का धनिया तक पेटीएम या इसी तरह के किसी प्लेटफार्म से आसानी से भुगतान कर खरीदा जा सकता है। दिन प्रतिदिन डिजिटल पेमेंट का चलन आम होता जा रहा है। चंद मिनटों में कहीं से भी किसी को भी मोबाइल या ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा से चंद सैकंड में भुगतान पहुंचने लगा है। यह सब बैंकिंग सेवाओं में सुधार और विस्तार का उदाहरण है तो दूसरी और नकदी लेन-देन का स्थान डिजिटल पेमेंट ने ले लिया है। बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार निष्चित रुप से शुभ संकेत माना जाना चाहिए। यह भी साफ है कि लोगों में निश्चित रुप से अवेयरनेस आई है। यह दूसरी बात है कि साइबर ठगी के मामलें भी बहुत अधिक होने लगे हैं। पर सबसे अधिक चिंतनीय बैंकों द्वारा अपनी आय बढ़ाने के लिए सुविधाओं के नाम पर चार्जेज लगालगाकर अपनी आय बढ़ाना है। आम आदमी को किसी तरह की गलत फहमी में नहीं रहना चाहिए कि बैंक उन्हें यह सेवाएं फ्री में दे रहे हैं। आज हालात यह है कि एटीएम पोस मशीन से बड़ा बड़ा कारोबारी भुगतान लेने को तैयार नहीं होता। उसका साफ कहना होता है कि इसमें हमारे चार्जेज लग जाते हैं इसलिए डिजिटल प्लेटफार्म से ही भुगतान प्राप्त करना उचित समझते हैं। खैर चिंतनीय बात यह है कि बैंकों द्वारा सुविधाओं के नाम पर वसूली राशि बहुत अधिक होने के साथ ही आम खाताधारक के लिए भारी पड़ने लगी है। आज हो यह रहा है कि बैंक की छोटी से छोटी सेवा के लिए भी भुगतान करना पड़ता है। भुगतान के आसान तरीके आरटीजीएस और एनईएफटी की सेवाएं चार्जेवल है। हांलाकि दो लाख तक के आरटीजीएस पर कोई चार्ज नहीं लिया जाता पर राशि बढ़ने के साथ ही चार्ज बढ़ता जाता है। डुप्लीकेट पासबुक से लेकर चैक बाउंस होने पर रिटर्न चार्ज, सिग्नेचर वैरीफाई चार्ज, नोमिनी का नाम बदलवाने, इंट्रेस्ट सर्टिफिकेट लेने, ईकेवाईसी और इसी तरह की सेवाओं के लिए चार्ज लिए जाते हैं। एटीएम का उपयोग हांलाकि अब कम होता जा रहा है पर दूसरे बैंक के एटीएम के उपयोग और इसी तरह की अन्य सेवाओं के लिए चार्जेज आम होता जा रहा है। देखा जाए तो हमें पता ही नहीं चल पाता कि बैंकों द्वार कब कितना पैसा काट लिया जाता है। लेनदेन की सूचना के एसएमएस से लेकर अन्य सेवाएं करीब करीब सषुल्क होने के कारण हमें कुछ ना कुछ चुकाना ही पड़ता है। चिंतनीय यह है कि इस सबके बावजूद बैंकों में ग्राहकों के प्रति जो संवेदनशीलता और आपसी संबंध होने चाहिए वह कहीं खोते जा रहे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि बैंक सेवा प्रदाता संस्था हैं और सहज सुविधाएं उपलब्ध कराने और निरंतर सेवाओं में सुधार के लिए बैंकों द्वारा प्रयास किये जाते रहे हैं। पर इसके साथ ही बैंकों को न्यूनतम बैलेंस या अन्य तरह के अनावश्यक चार्जेज लगाने से पहले आम खाताधारकों के हितों को भी देखना चाहिए। बैंक केवल और केवल पैसा कमाने का स्थान नहीं हैं अपितु बैंकों की भी आमजन के प्रति जिम्मेदारी बनती हैं। सभी कुछ केचल और केचल खाताधारक से ही देय है तो फिर बैंकों और पुराने जमाने के साहूकारों या आज के गली गली में फैले सूदखोरों या फिर बॉक्सरों से वसूली करने वाली संस्थाओं से अलग होना ही पड़ेगा। कहीं ना कहीं सरकार और बैंकिंग संस्थाओं को जनसरोकारों से भी जुड़ना होगा ताकि जिस तरह से पिछले कुछ सालों में बैंकों में आम आदमी की सहज पहुंच हुई हैं और आमआदमी का मोबाईल अब बैंक बन गया है यह सराहनीय है। आवश्यकता चार्जेज के पुनरावलोकन की है। इस और ध्यान देना ही होगा।

# पत्नी को मारकर पेड़ पर लटकाया

## शराब पीने के बाद कहीं चली गई थी, पूछा तो नहीं बताई, इसलिए मार डाला



**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में चरित्र शंका में पत्नी से मारपीट की और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद साथियों के साथ मिलकर शव को पेड़ पर फांसी पर लटका दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ। वारदात शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम परेवा की है।

जानकारी के मुताबिक, 10 अगस्त को विवाहिता प्रमिला उर्फ पुक्की कोरवा (22) का शव फांसी पर झूलता मिला था। इसकी सूचना प्रमिला के पिता सुखू को मिली तो उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सुखु ने अपनी बेटी की हत्या उसके पति द्वारा किए जाने की आशंका जताई थी।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि:** प्रमिला कोरवा के पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतिका के दाहिना पैर, घुटने के नीचे, जांघ, पीठ, कुल्हा और बाएं हाथ में चोट और खरोच के निशान मिले। रिपोर्ट में प्रमिला कोरवा के साथ मारपीट करने और उसकी गला दबाकर हत्या करने की पुष्टि हुई।

पुलिस ने मामले में मृतका के पति एतवा पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लिया। पूछताछ में एतवा कोरवा ने पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि 9 अगस्त की शाम को दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। शराब पीने के बाद प्रमिला हमेशा कहीं चली जाती थी। इस पर उसने सवाल किया तो प्रमिला ने कुछ नहीं बताया।

**गले में फांसी का फंदा बनाकर डाला:** इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एतवा कोरवा ने पत्नी प्रतिला कोरवा के साथ मारपीट की और गला दबा दिया। जब प्रमिला की मौत हो गई तो उसने पड़ोसी युवक कुंवर साय के साथ उसके शव को झेलगी में ढोकर कंदादरा में पकरी पेड़ पास ले गए। वहां उसके गले में फांसी का फंदा बनाकर डाला।

**फांसी पर झुलाया शव:** एतवा और कुंवर साय दोनों मिलकर महिला के शव को फांसी के फंदे पर नहीं झुला सके। तब एतवा राम अपने भाई ललसु पहाड़ी कोरवा को रस्सी पकड़ाने के लिये बुला लिया। तीनों ने मिलकर प्रतिला के शव को फांसी के फंदे पर झुला दिया और मौके से भाग निकले।

**तीनों आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल:** शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र सोनी ने बताया कि मामले में पुलिस ने एतवा पहाड़ी कोरवा (26) ललसु पहाड़ी कोरवा (21) एवं कुंवर साय पहाड़ी कोरवा (25) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 103 (1), 238, 3 (5) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में मुलाकात की है। जायसवाल ने केंद्रीय रेल मंत्री से छत्तीसगढ़ की जनसुविधाएँ से जुड़ी माँगो पर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री को चिरमिरी नागपुर हाल्ट नवीन रेल लाइन निर्माण हेतु प्रदेश सरकार द्वारा राज्यांश की राशि प्रदान करने की जानकारी प्रदान की और जल्द से जल्द निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने की बात कही।

इस दौरान जायसवाल ने बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन नम्बर 18257-18258 जो कई दशकों से बिना विस्तार हुए संचालित है को दुर्ग जंक्शन या गोंदिया जंक्शन तक विस्तार किए जाने की मांग रखी है।

वर्तमान में नवगठित जिला मनेंद्रगढ़ के लोगों को राजधानी तक पहुँचने के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इस ट्रेन के दुर्ग तक जाने से राजधानी तक सीधी पहुंच मिलेगी। इसी तरह से एक अन्य मांग में स्वास्थ्य मंत्री ने शहडोल-नागपुर जंक्शन-शहडोल ट्रेन नंबर 11201-11202 को चिरमिरी से संचालित किए जाने की मांग की है। इससे क्षेत्र की बड़ी आबादी को कटनी, जबलपुर और नागपुर से सीधे आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वस्त किया है की सभी मांगो पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

# गिरा स्कूल की छत का प्लास्टर

## 5 बच्चे घायल, छात्रा के सिर पर लगे 4 टांके, अस्पताल में इलाज जारी



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पुटपुरा में स्कूल की छत का प्लास्टर गिर गया। प्लास्टर के चपेट में आने से 5 बच्चे घायल हुए हैं। छात्राओं का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6वीं की 4 छात्रा और एक छात्र घायल हुआ है। जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। अच्छी बात यह रही कि घायल बच्चे खतरे से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षा यादव (11) 1.30 बजे लंच की छुट्टी होने के बाद अपने 3 सहेलियों के साथ बैठकर खेल रहे थे।

**खिड़की-दरवाजे और दीवार में करंट का भी खतरा:** इस बीच अचानक से छत का प्लास्टर गिर गया। लगातार पानी गिरने से छत से पानी टपक रहा था। बच्चों ने बताया कि खिड़की, दरवाजे और दीवार में करंट भी आता है।

**छात्रा को सिर पर 4 से 5 टांके लगे:** प्राचार्य टीकम थवाईत ने बताया की छत का प्लास्टर गिरने से 5 बच्चे घायल हुए हैं। जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। शिक्षा यादव को ज्यादा चोट आई है। उसके सिर पर 4 से 5 टांके लगे हैं। पैर में खरोच के निशान है।

**प्रशासन से की गई थी नए भवन की मांग:** फिलहाल सभी घायल बच्चे खतरे से बाहर हैं। स्कूल भवन जर्जर हो चुका है। नए भवन की मांग की गई। लेकिन जिला प्रशासन ने बात नहीं सुनी है। छत पर पानी का भराव होने से कक्षा में पानी टपकता रहता था। हादसे में समर राठौर (11), पूनम राठौर (11), मानवीय यादव (11), राधिका केवट (12) और शिक्षा यादव (11) को चोट आई है।

# पुलिस ने जब्त किया 11 लाख रुपए का गांजा

## डीआई गाड़ी में लोड करके ले जाते समय पकड़ाया, चालक फरार



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग निप्र।** दुर्ग जिले के पुलगांव थाना अंतर्गत जेवरा सिरसा में एक डीआई गाड़ी में 112 किलो गांजा जब्त किया। पुलिस ने जब गाड़ी को रोका तो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। जेवरा सिरसा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार 13 अगस्त की सुबह उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक डीआई गाड़ी सीजी 07 जे-4787 में गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही जेवरा पुलिस की टीम ने घेराबंदी की। पुलिस की टीम सीएम हॉस्पिटल के पीछे कचांदुर के पास एक सुनसान जगह पर थी। उन्हें वहां सफेद रंग की डीआई गाड़ी दिखी। पुलिस ने जब उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो ड्राइवर गाड़ी को वहीं छोड़कर भाग गया।

तलाशी लेने पर उसमें से 112 किलो गांजा मिला। पुलिस ने गांजा को जब्त किया और उसे थाने भेजा। गांजे की तौल के लिए कबाड़ी दुकान से कांटा मंगाया गया। इसके बाद जब तौल की गई तो वो 112 किलो पाया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह गांजा जामुल थाना क्षेत्र की तरफ से लाया जा रहा था।

**गाड़ी मालिक की तलाश कर रही पुलिस:** जेवरा सिरसा पुलिस ने गांजा परिवहन करने वाली गाड़ी को जब्त कर लिया है। गाड़ी के नंबर से उसके मालिक का पता किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि गाड़ी मालिक से पूछताछ करने पर गांजा तस्कर के बारे में जानकारी मिल पाएगी। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**जामुल क्षेत्र में रहता बड़ा गांजा तस्कर:** दुर्ग जिले जामुल थाना क्षेत्र में सबसे बड़ा गांजा तस्कर रहता है। दो महीने पहले ही क्राइम टीम ने जामुल थाना क्षेत्र से डेढ़ क्विंटल गांजा के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों के पास से गांजा की तस्करी के पैसे खरीदे गए एक ट्रक, दो पिकअप, एक स्कोडा और एसयूवी सहित 5 गाड़ियों को जब्त किया था। जिसमें दो गाड़ियां एक ही नंबर की मिली थी।

जामुल घासीदास नगर जय स्तंभ के पास रहने वाले दिनेश डहरिया उर्फ सोनी (22 साल), शिव कुमार टंडन (23 साल) और खिलावन यादव (22 साल) गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार जेल दाखिल किया था।

# महिला हेडमास्टर से होटल में दुष्कर्म

## खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर किया रेप, रायपुर में हुई थी युवक से मुलाकात



**मीडिया ऑडीटर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में रहने वाली एक प्रधान पाठिका से बेमेतरा जिले के रहने वाले परिचित शख्स ने नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने अमरकंटक के पास एक होटल में रेप की वारदात को अंजाम दिया। गौरेला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले दिनों गौरेला थाना में कोरबा जिले की रहने वाली एक प्रधान पाठिका ने रिपोर्ट लिखवाई थी कि वह रायपुर में युवक श्रीकांत पांडेय के संपर्क में आई थी। श्रीकांत रायपुर में कार ड्राइविंग सिखाने का काम करता था। युवक बेमेतरा जिले का रहने वाला है।

**खाने में मिलाया नशीला पदार्थ:** दोनों के बीच फोन पर बात भी होती रही। इस दौरान दोनों गौरेला थाना क्षेत्र के अमरकंटक जाने वाले मार्ग में स्थित केंवची की एक होटल में रुके। खाने में श्रीकांत ने कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया। इसके बाद आरोपी ने महिला से होटल के कमरे में दुष्कर्म किया।

**गौरेला थाना में दर्ज करवाई रिपोर्ट:** होश आने पर महिला को अपने साथ गलत कृत्य होने की जानकारी हुई। उसने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी और गौरेला थाना में आरोपी श्रीकांत के खिलाफ परिवारद्धर दर्ज करवाया। एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर गौरेला पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी श्रीकांत पांडेय को गिरफ्तार किया है।

# युवक को लाठी से पीटा, फिर चाकू से मार डाला

## शरीर पर मिले गहरे जख्म के निशान, पुलिस ने 4 संदेहियों को पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग निप्र।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में आपसी विवाद के कारण एक युवक की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने 20 साल शुभम बांदे के ऊपर चाकू से कई वार किए। उसे लहूलुहान हालत में दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पूरा मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है।

पद्मनाभपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना बोरसी भाटा वार्ड 50 में हुई है। यहां के निवासी शुभम बांदे टाइल्स लगाने का काम करता है। सोमवार की रात उसका कुछ लोगों से विवाद हो गया।

**गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया:** विवाद इतना बढ़ गया कि उन युवकों ने शुभम को चाकुओं से गोद दिया। जब आसपास के लोंगो को इसकी जानकारी हुई तो उन लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया। वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

डॉक्टर ने बताया कि शुभम की बेरहमी से हत्या की गई है। पहले उसे आरोपियों ने लाठी से जमकर मारा, फिर चाकू से वार किया है। उसके शरीर पर चाकू घोंपने और डंडे से वार के कई निशान हैं।

**4 संदेहियों से की जा रही पूछताछ:** मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पद्मनाभपुर थाना प्रभारी और सीएसपी दुर्ग पूरी टीम के साथ पहुंचे थे। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने रातभर छापेमारी कर 4 संदेहियों को पकड़ा है। संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन तथा कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के सफल मार्गदर्शन में 14 अगस्त 2024 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड का आयोजन किया जाना है। खेल अधिकारी गोपाल सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड का आयोजन 14 अगस्त को प्रातः 6:00 बजे भगत सिंह तिराहा, बस स्टैण्ड से प्रारंभ होकर जिला स्तरीय ध्वजारोहण स्थल आमाखेरवा खेल मैदान मनेंद्रगढ़ में संपन्न होगी। स्वतंत्रता दौड में जिले के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, मीडिया, खिलाड़ी सहित महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक एमसीबी, प्राथमिक उपचार एवं एम्बुलेंस सुविधा के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वच्छता, चुना मार्किंग एवं जलपान के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एमसीबी तथा दौड़ सम्पन्न कराने के लिए उत्तरा चेलकर, विनोद जायसवाल, मीना प्रजापति, किशोर दास, पी.एस. टोप्पो, आर. डी. बोले, शिव कुमार चौधरी, रणधीर ठाकुर, केमेंद्र साहू, सुमित जायसवाल, अनीता साहू फोनेश्वर साहू निलेश खलखो तथा गजेंद्र की ड्यूटी लगाई गई है।

# दर्शनार्थियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत

## 11 श्रद्धालु घायल, एक का टूटा पैर, 2 लोगों की हालत गंभीर




**मीडिया ऑडीटर, बलोदा बाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में दर्शनार्थियों से भरी पिकअप देर रात डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 11 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। ये हादसा सिमगा थाना क्षेत्र के ग्राम दरचुरा हाइवे पर हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक पिकअप वाहन में 20 से अधिक लोग सवार थे, जो जतमई घटारानी दर्शन के लिए गए थे। घर लौटने से से पहले हादसे का शिकार हो गए। घायलों को सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है।

**घायलों में एक 6 साल की बच्ची:** सिमगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सभी दर्शनार्थी करहुल के निवासी हैं। घायलों में एक 6 साल की बच्ची, 4 महिला और 6 पुरुष घायल हैं। वहीं कामिनी साहू पति मत्तूलाल साहू (50) की जान गई है। वहीं घायल दिल हरण का पैर टूट गया है।

**घायलों में दो की हालत ज्यादा गंभीर:** थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का इलाज किया गया। घायलों में दो की हालत ज्यादा गंभीर है। मामले में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# शराब दुकान और सड़क में चला चाकू

## गाली-गलौज के बाद शराब दुकान का मालिक जख्मी, दूसरी जगह बुजुर्ग पर भी घोंपा चाकू



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** राजधानी रायपुर में एक शराब दुकान के मालिक पर चाकू से हमला हो गया। दो बदमाशों ने गाली-गलौज के बाद शराब दुकान के मालिक को जख्मी कर दिया। दूसरी ओर दुकान के बाहर गाली-गलौज कर रहे लड़कों को जब एक बुजुर्ग ने रोका तो उन्होंने उस पर हमला कर दिया। ये दोनों मामला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

सोमवार की देर रात नेवरा इलाके स्थित सरकारी शराब दुकान का संचालक बलदीप सिंह आहूजा दुकान बंद कर रहा था। इस दौरान शराब दुकान के अहाता में 2 युवक बैठे हुए थे। बलदीप ने अपने नौकर को डांटते हुए जल्दी से दुकान बंद कर हाजिरी लगाने को कहा। तभी दोनों आरोपियों को लगा कि बलदीप उन्हें गालियां दे रहा है। इस बात पर उन्होंने विवाद शुरू कर दिया।

हाथ में मारा चाकू

बलदीप जब दुकान से बाहर निकलकर घर जाने लगा। तो दोनों युवकों ने उसे घेर लिया। इनमें से एक युवक ने अपने पास रखे चाकू से बलदीप के हाथ पर अटैक कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर बुरी तरह जख्मी हो गया। इस दौरान बीच बचाव करने आए एक अन्य व्यक्ति को भी जांघ के पास चाकू लगा है।

एक अन्य बुजुर्ग पर भी चाकू से हमला

रामकृष्ण सेन सासाहोली में सोमवार को शाम 6 बजे के करीब अपनी दुकान के बाहर मौजूद थे। दुकान के सामने चार लड़के आपस में गाली-गलौज कर रहे थे। तभी रामकृष्ण ने उन्हें गाली देने से मना किया। तब एक युवक ने अपने पास रखे चाकू से रामकृष्ण के हाथ और पेट के पास चाकू मार दिया। इस मामले में भी पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# कलेक्टर जनदर्शन में समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे रहे आम नागरिक

## आज कलेक्टर जनदर्शन में 23 आवेदन हुए प्राप्त

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

जनदर्शन में आज कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आवेदक गुलाब सिंह निवासी कपरिया ने भूमि के संबंध में शिकायत की। साथ ही नेहा सिंह निवासी झगराखण्ड ने पुनः जांच करवाने के संबंध में,राजकुमार जायसवाल निवासी पाराडोल भूमि के संबंध में, शराफत अली निवासी मनेन्द्रगढ़ शहर के गांधी चौक से, बालाजी मेडिकल स्टोर तक एक तरफ की सड़क का अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में, शोर सिंह निवासी साल्हि भूमि के संबंध में, अभिषेक कुमार पाण्डेय निवासी मनेन्द्रगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह में निर्धारित सेटअप से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की शिकायत के संबंध में, जीवन्ति निवासी केवटी करीब 25वर्ष पुराना पाईप वाला पुल बह जाने के संबंध में,पूनम मौर्य निवासी जनकपुर पेंशन विलम्ब होने के संबंध में, डगौरा निवासी बंदोबस्त त्रुटि सुधार के संबंध में, सिपाही लाल निवासी केलहारी थाना मनेन्द्रगढ़ के द्वारा अवैध रूप से बस संचालन गुडागर्दी से बस चलाने पर कार्यवाई किये जाने के संबंध में, संतोष कुमार निवासी सलका ने भूमि के संबंध में, ललन सिंह निवासी परसगढ़ी मेरे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त ना होने के संबंध में, ललन सिंह बलंद निवासी पेंडरी ट्रांसफार्मर बदलवाने के संबंध में, विकास कुमार खड़गवा अनुकम्पा नियुक्ति प्रदाय करने के संबंध में, रितू सिंह निवासी मुक्तियार पारा नक्शा खसरा नंबर ऑनलाइन कराने के संबंध में, प्रदीप कुमार गुप्ता निवासी मानवारी महुआ के पेड़ पर जबरदस्ती कब्ज़ा करने के संबंध में, अंजू सांधे निवासी जनकपुर समूह की मजदूरी भुकतान करने के संबंध में, लता सोनी निवासी चिरमिरी राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के संबंध में, देव नारायण निवासी पाराडोल संपत सिंह,गनपत सिंह एवं अर्जुन सिंह के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के संबंध में, राम सकल निवासी पोड़ी पट्टा निरस्त किये जाए के संबंध में, प्रेमा बाई निवासी मनेन्द्रगढ़ रामप्रिय द्वारा रास्ता रोके जाने के संबंध में, संतोष श्रीवास निवासी झगराखाण्ड प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण प्रदाय हेतु आदेशित करने बाबत, मोहम्मद रशीद कुरैशी निवासी मनेन्द्रगढ़ भूमि के संबंध में शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

# पाकिस्तानी पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने अरशद नदीम को सौंपी खास नंबर वाली कार और 10 करोड़

**लाहौर ( एजेंसी )।** पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान को स्वर्ण पदक दिलाने वाले अरशद नदीम को पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने 10 करोड़ रुपये का चेक और एक कार भेंट की है। इस समय अरशद पाकिस्तान में सनसनी बने हुए हैं और हर तरफ से उनपर इनाम की बरसात हो रही है। ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम को पंजाब सरकार ने एक करोड़ रुपये और एक नई कार से पुरस्कृत किया है। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज नदीम और उनके परिवार से मिलने मियां चुन्नू गांव गईं।

**मरियम नवाज ने की नदीम की तारीफ:** गांव पहुंचने पर मरियम नवाज ने नदीम को नकद पुरस्कार और कार की चाबियां भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा, ''अरशद हर उस चीज का हकदार है जो उसे मिल रहा है क्योंकि वह देश के लिए बहुत खुशी और गौरव लेकर आया है।'' मुख्यमंत्री ने नदीम को जब 92.97 नंबर प्लेट वाली नई कार की चाबियां सौंपी तब वहां उनके माता-पिता भी मौजूद थे। नदीम ने 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पेरिस में स्वर्ण पदक जीता था।

**नदीम के कोच को भी मिला इनाम:** इस दौरान मरियम नवाज के साथ आए 'डिप्टी कमिश्नर' ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर चेक और कार से जुड़ी कागजी कार्रवाई को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया क्योंकि वह नदीम से मिलना चाहती थीं। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री ने विशेष नंबर प्लेट के लिए भी आदेश दिए थे।'' लाहौर वापस जाने से पहले मरियम ने नदीम



के कोच सलमान इकबाल बट को 50 लाख रुपये का चेक भी दिया। नदीम ने ओलंपिक में पाकिस्तान के स्वर्ण पदक के 40 साल के सूखे को खत्म किया था।

**हर तरफ हो रही तारीफ :** बता दें कि, इससे पहले पाकिस्तान सरकार ने अरशद नदीम को देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार हिलाल-ए-इम्तियाज से सम्मानित करने का ऐलान किया था। इसके अलावा एक पाकिस्तानी कारोबारी ने भी अरशद नदीम को तोहफे में कार देने का फैसला किया है। अरशद नदीम के ससुर मुहम्मद नवाज ने स्थानीय मीडिया से बातचीत में कहा था कि वह अरशद को तोहफे में एक भैंस देंगे।

## अजित बोले- पत्नी को बहन के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद और इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अजित पवार के सुर बदले नजर आ रहे हैं। पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ाना गलती थी। पवार ने 13 अगस्त को एक मराठी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा- मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं। राजनीति को घर में घुसने नहीं देना चाहिए। बहन के खिलाफ सुनेत्रा को चुनाव लड़ाने का फैसला पार्टी संसदीय बोर्ड का था। अब मुझे लगता है कि यह गलत फैसला था। रक्षाबंधन पर बहनों से राखी बंधवाने के सवाल पर अजित पवार ने कहा- अगर हम एक जगह पर रहे तो बहनों से मिलने जरूर जाऊंगा। वहीं अजित पवार के बयान पर बारामती सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले कहा- मुझे नहीं पता उन्होंने क्या कहा। अजित पवार ने बहन सुप्रिया सुले के अलावा चाचा शरद पवार की भी चर्चा की। अजित पवार ने कहा- शरद पवार सीनियर लीडर हैं और हमारे परिवार के मुखिया हैं। मैं उनकी किसी भी आलोचना का जवाब नहीं दूंगा। महायुति के सहयोगियों को भी समझना चाहिए कि वे चाचा शरद पवार पर क्या बोल रहे हैं।

## आसाराम को इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल मिली

**जोधपुर ( एजेंसी )।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को जोधपुर हाईकोर्ट ने इलाज के लिए मंगलवार, 13 अगस्त को 7 दिन की पैरोल दे दी। आसाराम पिछले 4 दिन से जोधपुर एम्स में भर्ती है। उसे आयुर्वेदिक इलाज के लिए पुणे के माधोबाग आयुर्वेदिक हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। आसाराम को 11 साल बाद पैरोल मिली है। इससे पहले उसने कई बार पैरोल के लिए एप्लिकेशन लगाई, लेकिन हर बार खारिज हो गई। इससे पहले आसाराम को जोधपुर स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अनुमति दी गई थी। यहां आसाराम ने पुणे के डॉक्टर्स की देखरेख में इलाज करवाया था। इसके बाद वापस तबीयत बिगड़ने पर इसे जोधपुर एम्स में भर्ती किया गया। आसाराम को 25 अप्रैल 2018 को जोधपुर की विशेष पीओसीएसओ अदालत ने नाबालिग के साथ रेप का दोषी ठहराया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। आसाराम 2 सितंबर 2013 से जेल में है। दो साल पहले गुजरात की एक अदालत ने आसाराम को 2013 में अपने सूरत आश्रम में एक महिला अनुयायी के साथ कई मौकों पर बलात्कार करने के लिए दोषी ठहराया था।

## दिल्ली में 15 अगस्त को कैलाश गहलोत झंडा फहराएंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 15 अगस्त को हर साल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झंडा फहराते हैं। लेकिन इस बार उनकी जगह दिल्ली के गृहमंत्री कैलाश गहलोत झंडा फहराएंगे। यह नाम उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने तय किया है। हालांकि, शराब नीति मामले में तिहाड़ में बंद सीएम केजरीवाल ने आतिशी का नाम दिया था, लेकिन दिल्ली सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने इसे खारिज कर दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 6 अगस्त को जेल से उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस बार 15 अगस्त को मंत्री आतिशी झंडा फहराएंगी। हालांकि, उपराज्यपाल ऑफिस ने सीएम से कोई भी पत्र मिलने की बात से इनकार किया था। इसके बाद तिहाड़ जेल अधिकारियों ने केजरीवाल को लेटर लिखकर कहा कि आपका पत्र जेल के बाहर भेजे जाने वाले कम्युनिकेशन की कैटेगरी में नहीं आता है। इसी का हवाला देते हुए जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने आतिशी का नाम खारिज कर दिया।

# बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ दर्ज किया गया हत्या का केस

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले महीने हुई हिंसक झड़पों के दौरान किराने की एक दुकान के मालिक की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को मीडिया की खबरों में इसे लेकर जानकारी सामने आई है। नौकरी में आरक्षण की विवादास्पद व्यवस्था को लेकर अपनी अवामी लीग नीत सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पिछले सप्ताह इस्तीफा देकर भारत आई हसीना (76) के खिलाफ दर्ज किया गया यह पहला मामला है।

**पुलिस की गोलीबारी में हुई मौत:** ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के मुताबिक, यह मामला किराने की दुकान के मालिक अबू सईद के शुभचिंतक ने दर्ज कराया है, जिनकी मोहम्मदपुर में आरक्षण आंदोलन के समर्थन में 19 जुलाई को निकाले गए जुलूस के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई थी। अन्य आरोपियों में अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून शामिल हैं।

**इतने लोगों की हुई है मौत:** रिपोर्ट के अनुसार,कई पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। बांग्लादेश में पांच अगस्त को हसीना सरकार के गिरने के बाद देशभर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए हैं। जुलाई के मध्य में पहली बार कोटा विरोधी प्रदर्शन शुरू होने के बाद से



इस हिंसा में मरने वालों की कुल संख्या 560 हो गई है। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया है और 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को इसका मुख्य सलाहकार बनाया गया है।

# खड़गे ने प्रदेश प्रभारियों और अध्यक्षों के साथ बैठक की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को सभी महासचिवों, राज्य इकाई प्रमुखों और पार्टी के राज्य प्रभारियों के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल इस बैठक में शामिल हुए। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के अलावा जम्मू-कश्मीर में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सहयोगी दलों के साथ सीट शेयरिंग, टिकट बंटवारा समेत कैंपेन को लेकर चर्चा की गई। खड़गे ने बैठक के बाद बताया कि पार्टी बेरोजगारी, अग्निवीर, अनियंत्रित मुद्रास्फीति, किसान और जातिगत जनगणना जैसे



मुद्दों को लेकर देशभर में कैंपेन शुरू करेगी। खड़गे ने कहा कि सेबी और अडानी के बीच सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे की जांच की जरूरत है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा- शेयर बाजार में छोटे निवेशकों के पैसे को खतरे में नहीं डाला जा सकता। मोदी सरकार को तुरंत सेबी अध्यक्ष का इस्तीफा मांगना चाहिए और जांच के लिए जेपीसी का गठन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में संविधान पर हमला जारी है। जाति जनगणना लोगों की मांग है।

फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्क) के लिए कानूनी गारंटी की मांग के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा- बेरोजगारी और अनियंत्रित मुद्रास्फीति और घरेलू बचत में कमी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर हमारी नजर है। गरीब और मध्यम वर्ग के साथ विश्वासघात किया गया है।

## निर्मला सीतारमण बोलीं- टैक्स पर सवाल पूछना पसंद नहीं

**भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोग टैक्स पर सवाल करते हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। वित्त मंत्री ने ये बात भोपाल में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च के 11वें दीक्षांत समारोह में कही। सीतारमण ने कहा, लोग सवाल पूछते हैं कि इतने सारे टैक्स क्यों हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। मैं चाहती हूं कि टैक्स को जीरो पर लेकर आऊं, लेकिन देश के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। उसके लिए फंड की जरूरत है। हमारे देश और अंतरराष्ट्रीय लेवल पर बहुत सारे कमिटमेंट हैं।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव- पीएम मोदी सहित यह होंगे भाजपा के बड़े स्टार प्रचारक, करवाई जाएंगी रैलियां

**जम्मू ( एजेंसी )।** केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में भाजपा पूरी तरह से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। सोमवार को भाजपा ने एक ही दिन में 44 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्यालय खोले। जम्मू संभाग के सभी 43 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्यालय खोल दिए गए हैं। वहीं एक चुनाव कार्यालय कश्मीरी विस्थापित जिला के लिए खोला गया है। प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में चुनाव कार्यालयों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर रैना ने कहा



कि भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल कर जम्मू-कश्मीर में अपनी सरकार बनाएगी। पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह चुनाव कार्यालय खुलने के बाद अब घर-घर जाकर चुनाव प्रचार का काम शुरू करें और भाजपा की उपलब्धियों और कार्यक्रमों को दर्शाएं। वहीं पार्टी नेताओं के अनुसार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 5 चुनाव रैलियां करवाने की तैयारी कर रही है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह की भी 3 से 4 चुनाव रैलियों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ही भाजपा की तरफ से विधानसभा चुनाव में सबसे बड़े स्टार प्रचारक रहेंगे।

## महाराष्ट्र के चिकित्सकों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के रेजिडेंट डॉक्टरों ने कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में अपने सहकर्मियों द्वारा किए जा रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के समर्थन में मंगलवार की सुबह अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। 'महाराष्ट्र स्टेट एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंशियल डॉक्टर्स% (केंद्रीय-एमएआरडी) के अध्यक्ष डॉ. प्रतीक देबाजे ने बताया कि राज्य भर के अस्पतालों में सभी गैर-जरूरी सेवाएं रोक दी गई हैं, लेकिन आपातकालीन सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। डॉ. देबाजे ने कहा, ''सुबह नौ बजे से हमने सभी बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में काम बंद कर दिया है और गैर-जरूरी सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। अब पूरे राज्य में केवल आपातकालीन सेवाएं ही संचालित हैं।%% कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में शुक्रवार की सुबह एक महिला चिकित्सक का शव मिला था और इस अपराध के सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है और जूनियर चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।

# भारत का समुद्र में भी अलर्ट जारी: बांग्लादेश से घुसपैठ का खतरा बढ़ा, तटरक्षक बल ने और कड़ी की निगरानी

**ढाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में तख्तापलट और हाल की राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर, भारत ने समुद्री मार्गों के जरिए किसी भी तरह की घुसपैठ को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय तटरक्षक बल ने समंदर में अपनी निगरानी को और कड़ा कर दिया है और अलर्ट जारी किया है। भारतीय तटरक्षक बल ने सोमवार को एक बयान में कहा, बांग्लादेश में हाल की राजनीतिक घटनाओं और तेजी से बदलते हालात को देखते हुए, हमने समुद्री सीमा पर निगरानी को बढ़ा दिया है। समुद्री मार्गों के जरिए घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए तटरक्षक बल की सभी परिचालन इकाइयों को तैनात किया गया है। तटरक्षक बल ने बताया कि अपतटीय गश्ती जहाज (ओपीवी) और त्वरित गश्ती जहाज (एफपीवी) को भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय




समुद्री सीमा रेखा पर तैनात किया गया है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता के चलते संभावित सुरक्षा खतरों को ध्यान में रखते हुए व्यापक सुरक्षा उपाय किए हैं।

## डॉक्टरों पर एक पवित्र दायित्व है और उन्हें अपना काम सही तरीके से करना चाहिए-कोलकाता हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है। अदालत ने कोलकाता पुलिस को निर्देश दिया है कि वे केस डायरी आज शाम तक सीबीआई को दे दें और सभी अन्य दस्तावेज बुधवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को सौंपें। साथ ही हाईकोर्ट ने घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों को लेकर कहा कि उन्हें अपना काम सही तरीके से करना चाहिए। ये एक %पवित्र दायित्व% है। बता दें कि यह मामला सरकारी आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल से संबंधित है, जहां बीते शुक्रवार की सुबह एक ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। डॉक्टर के साथ कथित रूप से बलात्कार किया गया और उनकी हत्या कर दी गई थी। इस सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उच्च न्यायालय ने राज्य में आंदोलन कर रहे डॉक्टरों से हड़ताल समाप्त करने की अपील की है। अदालत ने कहा कि डॉक्टरों पर एक पवित्र दायित्व है और उन्हें अपना काम सही तरीके से करना चाहिए।

# बिहार के मंदिर में भगदड़ का वायरल वीडियो-8 की मौत

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के जहानाबाद जिले में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन के चौथे सोमवार की रात मची भगदड़ का पहला वीडियो सामने आया है, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मंदिर में उमड़ी भीड़ और उसके बाद मची अफरा-तफरी को देखा जा सकता है। रात करीब 12 बजे के आस-पास मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई थी। यह मंदिर वानावर पहाड़ पर स्थित है, और श्रद्धालु यहां बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार, मंदिर के सीढ़ी पर फूलों की दुकान के पास कुछ श्रद्धालुओं के बीच झड़प हो गई। झड़प के बाद भीड़ में चीख-पुकार मच गई, जिससे भगदड़ का माहौल उत्पन्न हो गया। भगदड़ के दौरान लोगों के कुचले जाने और टकराने से कई लोग घायल हो गए। घटना में 8 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है, जिनमें 5 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। मृतकों में मोर टेकरी गांव की पूनम देवी, लडौआ गांव की निशा कुमारी, जल बीघा के नाडोल गांव की सुशीला देवी, एरकी गांव की निशा देवी, और पुरुषों में राजू कुमार और प्यारे पासवान शामिल हैं। जहानाबाद जिला प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। मगध प्रमंडल के कमिश्नर मयंक बड़बड़े के अनुसार, प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि फूल की दुकान चलाने वाले और श्रद्धालुओं के बीच झड़प के बाद भगदड़ मची।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने डॉक्टर रेप-मर्डर केस सीबीआई को सौंपा

**कोलकाता ( एजेंसी )।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार, 13 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआइ को सौंप दी। राज्य सरकार कल सुबह 10 बजे तक सीबीआइ को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय



दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआइ को ट्रांसफर किया जाना चाहिए। हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे। प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया।

# वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा और कुलदीप यादव को बड़ा फायदा, टीम इंडिया नंबर-1 पर काबिज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और श्रीलंका के बीच हाल ही में तीन मैचों की वनडे सीरीज संपन्न हुई। भारतीय टीम ने 27 साल बाद श्रीलंका के हाथों द्विपक्षीय वनडे सीरीज गंवाई। श्रीलंका ने अपने घर में टीम इंडिया को तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से मात दी। हालांकि, भारतीय टीम का वनडे टीम रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ, टीम अभी भी टॉप पर काबिज है। वहीं श्रीलंका दौरे पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को बेहतर बल्लेबाजी का फायदा मिला जबकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ। भारतीय टीम के बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव ने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में पांच स्थान की लंबी छलांग लगाई है। दूसरी तरफ आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग पर ध्यान दें तो पाकिस्तान के बाबर आजम नंबर 1 पर हैं। भारत के ओपनर शुभमन गिल 782 अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान के फायदे के साथ तीसरे नंबर पर पहुंचे। हिटमैन के 763 अंक हैं। आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग की बात करें तो भारतीय टीम टॉप पर काबिज है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम के अंक 118 है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 116 अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज है। दक्षिण अफ्रीका के 112 अंक है और वह तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान 106 अंक के साथ चौथे नंबर पर है। न्यूजीलैंड की टीम टॉप-5 रैंकिंग को पूरा करती है।



## रोहित आराम से अगले दो साल जबकि विराट पांच साल तक खेल सकते है-हरभजन

**नयी दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के साथ अगले पांच साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर से आसानी से तालमेल बैठा सकते हैं जबकि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा भी आराम से अगले दो साल तक खेल सकते हैं। हरभजन ने 'पीटीआई-वीडियो को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, ''रोहित आसानी से दो साल और खेल सकते हैं। आप विराट कोहली की फिटनेस की तुलना किसी और से नहीं कर सकते हैं। आप उन्हें आसानी से पांच साल तक खेलते हुए देख सकते हैं। वह शायद टीम में सबसे फिट खिलाड़ी हैं।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इस पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा, '' आप किसी भी 19 साल के युवा को फिटनेस के मामले में विराट को टक्कर देने के लिए कह सकते हैं और विराट उसे हरा देंगे।

वह इतने फिट है। मेरा मानना ??है कि विराट और रोहित में अभी काफी क्रिकेट बाकी है और यह पूरी तरह उन पर निर्भर है कि वे कब तक खेलना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, '' ये दोनों अगर फिट रहे और अपने प्रदर्शन से टीम की जीत में योगदान देते रहे तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए।'' हरभजन का मानना ??है कि टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है जहां टीम को इन दोनों की जरूरत होगी।

## अफगानिस्तान के बाद बीबीसीआई ने नेपाल के लिए भी खोले दरवाजे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के बाद नेपाल की क्रिकेट टीम के लिए भी अपने दरवाजे खोल दिए हैं। अफगानिस्तान को तो पहले भी बीसीसीआई ने भारत में अपने मैचों की मेजबानी करने दी है, जबकि नेपाल की टीम के लिए बोर्ड ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी यानी एनसीए के दरवाजे खोले हैं।

नेपाल क्रिकेट टीम कनाडा में होने वाली क्रिकेट विश्व कप लीग 2 सीरीज की तैयारियों के तहत बेंगलुरु स्थिति एनसीए में ट्रेनिंग लेगी। नेपाल की टीम त्रिकोणीय सीरीज खेलने के लिए कनाडा जाने से पहले दो सप्ताह के लिए एनसीए में अभ्यास करेगी। इस सीरीज में कनाडा और नेपाल के साथ ओमान की टीम भी भाग लेगी। नेपाल इस समय लीग 2 तालिका में छठे स्थान पर है। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 सीरीज के लिए तैयारी करने के लिए नेपाल की टीम एनसीए जा रही है। बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में दो सप्ताह तक ट्रेनिंग से हमारे खिलाड़ियों के कौशल और रणनीति में सुधार आएगा।


आइए उन्हें शुभकामनाएं दें। नेपाल की क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित पौडेल, दीपेंद्र सिंह ऐरी और संदीप लामिछाने हाल ही में कनाडा में ग्लोबल टी20 लीग में खेल रहे थे। नेपाल की टीम ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में कुछ अभ्यास मैचों में भाग लिया था।

## घरेलू रेड बॉल क्रिकेट खेलेंगे श्रेयस अय्यर बांग्लादेश दौरे से पहले उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** श्रेयस अय्यर बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले घरेलू रेड बॉल क्रिकेट खेलेंगे। श्रेयस गुरुवार से तमिलनाडु में शुरू होने वाली बुची बाबू इनविटेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में मुंबई की तरफ से एक मैच खेलेंगे। श्रेय इस टूर्नामेंट में मुंबई के दूसरे दौर के मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। ये मैच 27 से 30 अगस्त तक कोयंबटूर में खेला जाएगा। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई टीम का हिस्सा होंगे। एमसीए के संयुक्त सचिव दीपक पाटिल ने कहा कि, श्रेयस अय्यर तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलेंगे। वह 27 अगस्त को कोयंबटूर में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मैच में उतरेंगे। अय्यर ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका में एकदिवसीय सीरीज के दौरान भारतीय टीम में वापसी की। 12 टीमों के बुची बाबू टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हैदराबाद, बंगाल, मुंबई, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात के साथ-साथ टीएनसीए इलेवन और टीएनसीए प्रेसिडेंट इलेवन शामिल होंगे। कई दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के मुकाबले तिरुनेलवेली, कोयंबटूर, सलेम और नाथम में होंगे। श्रेयस अय्यर पिछले सीज़न कुछ फर्स्ट क्लास मैच पीठ में चोट के चलते नहीं खेल पाए ते। हालांकि, आईपीएल के दौरान उन्होंने मैदान पर वापसी की। फरवरी में भारत का केंद्रीय अनुबंध गंवाने के बाद अय्यर हाल ही में श्रीलंका के खिलाव वनडे सीरीज का हिस्सा थे। लेकिन वो इस सीरीज में कमाल नहीं कर पाए।



## पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर ने पीसीबी को चेताया




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अगले साल मार्च में पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करनी है। 1996 के बाद पहली बार पाकिस्तान किसी आईसीसी ट्रॉफी की मेजबानी करने जा रहा है। हालांकि, भारत इसमें खेलेगा या नहीं, मैच तटस्थ स्थान पर केले जाएंगे या नहीं इसे लेकर अभी भी संशय है। वहीं इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेर बासित अली ने पीसीबी को चेताया है। बासित अली का कहना है कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बांग्लादेश, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज को पाकिस्तान आना है। ये दौरे बहुत अहम है, बासित अली ने कहा कि, पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी होने वाली है। इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को पाकिस्तान का दौरा करना है तो हमें सुरक्षा पर अतिरिक्त ध्यान देना होगा। बासित अली ने कहा कि अगर इन टीमों के पाकिस्तान दौरे के दौरान कुछ भी हुआ तो चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी भी छिन सकती है। हमारे जवान बलूचिस्तान और पेशावर में शहीर हो रहे हैं। सरकार ही जवाब दे सकती है ऐसा क्यों हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि, हमें ये तय करना है कि सरक्षा में कोई चूक नहीं होगी। विदेशी टीमों को वही सुरक्षा दी जानी चाहिए जो हमारे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को मिलती है। बता दें कि, साल 2010 के बाद पाकिस्तान में किसी भी सीरीज या टूर्नामेंट के आयोजन पर बैन लग गया था। बीते कुछ सालों में पाकिस्तान में धीरे-धीरे क्रिकेट की वापसी हो रही है। हालांकि, अब भी टीमें पूरी तरह भरोसा नहीं कर पाई हैं। साल 2021 में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान पहुंचकर दौर रद्द कर दिया था। इसके बाद इंग्लैंड ने भी दौरा रद्द कर दिया। हालांकि, बाद में वह दौरा करने के लिए राजी भी हो गए। वहीं अब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान जाने पर संशय है। बीसीसीआई टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजने केलिए तैयार नहीं है। साल 2023 में पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी भी पाकिस्तान ने की थी, लेकिन टीम इंडियान ने तब भी पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। ऐसे में एशिया कप में हाइब्रिड मॉडल का इस्तेमाल किया और भारत के सभी मैच तटस्थ स्थान पर करवाए गए थे।

## टोक्यो में बैडमिंटन में गोल्ड दिलाने वाले प्रमोद भगत हुए सस्पेंड

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने घोषणा की है कि भारत को टोक्यो पैरालंपिक में गोल्ड मेडल दिलाने वाले प्रमोद भगत को डोपिंग संबंधी नियमों के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। पेरिस में पैरालंपिक 28 अगस्त से 8 सितंबर तक चलेगा। डब्ल्यूएफ ने बयान देते हुए कहा कि, टोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। वह पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भी हिस्सा नहीं लेंगे। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट ने भगत को 12 महीनों के भीतर तीन बार पता न बता पाने का दोषी पाया। बयान में आगे कहा है कि, 1 मार्च 2024 को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट एंटी डोपिंग डिवीजन ने भगत को 12 महीनों के भीतर तीन बार ठिकाने की जानकारी न देने के लिए बीडब्ल्यूएफ एंटी डोपिंग नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया। वहीं अपील के बावजूद सीएएस अपील डिवीजन ने निलंबन की पुष्टि करते हुए निर्णय को बरकरार रखा।

## दलीप ट्रॉफी के फॉर्मेट में हुआ बदलाव, स्टार क्रिकेटर्स खेलेंगे, जानें पूरा शेड्यूल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के सीनियर खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आएंगे हैं। पिछले सीजन में हनुमा विहारी की अगुवाई वाले साउथ जोन ने बेंगलुरु में फाइनल में वेस्ट जोन को 75 रन से हराकर खिताब जीता था। दलीप ट्रॉफी जिसे मुख्य रूप से भारत की घरेलू टेस्ट सीरीज के तौर पर जाना जाता है, इस बार उसकी संरचना और समग्र प्रणाली में बदलाव देखने को मिलेगा। दलीप ट्रॉफी को इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी कार्यक्रम केरूप में भी देखा जा रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और कुलदीप यादव को भी दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया है। बीसीसीआई ने इस बार 6 टीम जोनल फॉर्मेट और जोनल सेलेक्शंस को खत्म करने का फैसला किया है। इसकी जगह, इस बार टूर्नामेंट में भारत ए, भारत बी, भारत सी और भारत डी नाम की 4 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों का चयन अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली वरिष्ठ राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। इस साल दलीप ट्रॉफी राउंड-रॉबिन लीग-आधारित फॉर्मेट में खेली जाएगी। इसमें कोई नॉकआउट मैच नहीं होगा। तीन राउंड के बाद स्टैंडिंग में टॉप पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी मुख्य रूप से आंध्र-प्रदेश के अनंतपुर में अनंतपुर क्रिकेट ग्राउंड परिसर के भीतर दो स्थानों पर खेली जाएगी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, पहले दौर का एक मैच बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भी आयोजित किया जाएगा। ये टूर्नामेंट 5 सितंबर से 22 सितंबर तक तीन राउंड में चलेगा। वहीं कहा जा रहा है कि, शुभमन गिल, केएल राहुल, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, कुलदीप यादव को दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें लंबे समय तक आराम दिया गया है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के भी टूर्नामेंट के एक दौर में खेलने की संभावना है। रोहित ने 2016 में दलीप ट्रॉफी में आखिरी बार हिस्सा लिया था। जबकि कोहली ने 2012 में ये घरेलू टूर्नामेंट खेला था।

## ईशान किशन की घरेलू क्रिकेट में वापसी, बुची बाबू टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखेंगे

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज ईशान किशन घरेलू क्रिकेट में वपासी को तैयार हैं। वह 15 अगस्त से तमिलनाडु में खेले जाने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की अगुवाई करते दिखेंगे। किशन शुरुआत में झारखंड की लंबी मूल सूची का हिस्सा नहीं थे। वह बुधवार को चेन्नई में टीम से जुड़ेंगे, इसे विकेटकीपर बल्लेबाज की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार इशान किशन ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के फैसले के बारे में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ को बताया। इसके बाद उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया। किशन की 2024-25 सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी में भी वापसी हो सकती है। घरेलू क्रिकेट में वह आखिरी बार प्रथम श्रेणी मैच दिसंबर 2022 में खेले थे। वह 2023-24 के घरेलू सत्र के अंत में रणजी ट्रॉफी से दूर रहे और ये उनके लिए महंगा साबित हुआ। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। वहीं जेएससीए के सदस्य ने कहा कि, इशान के योग्यता पर कभी सवाल नहीं था। सवाल सिर्फ ये था कि क्या वो वापसी के लिए तैयार है। फैसला उनके हाथ में था। उन्हें शुरुआती सूची में शामिल नहीं किया गया क्योंकि हमने उनसे कुछ पता नहीं चला था। जिस पल उन्होंने वापसी की इच्छा जताई, उन्हें टीम में शामिल कर लिया गया। भारतीय टीम को अगले पांच महीनों में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि, इशान की टीम में वापसी होगी। हालांकि, ये आसान नहीं होगा, किशन ने पिछले साल भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उस समय ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना से उबर रहे थे। उसके बाद जुलाई 2023 में कैरेबियाई दौरे के दूसरा टेस्ट के बाद से किशन प्रथम श्रेणी मैच नहीं सके। हालांकि, उन्हें 2023-34 के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने मानसिक थकान का हवाला देते हुए टीम से खुद को रिलीज करने के लिए कहा। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज के दौरान इशान किशन टेस्ट में वापसी कर सकते थे। लेकिन उन्होंने चयनकर्ताओं को बताया कि वह वापसी के लिए तैयार नहीं हैं और केएस भरत को उनकी जगह टीम में जगह मिली। उन्होंने रणजी खेलने से भी इनकार कर दिया। चयनकर्ताओं के सुझाव पर बीसीसीआई ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया।




## इस पूर्व क्रिकेटर ने की भविष्यवाणी, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ऑस्ट्रेलिया 3-1 से अपने नाम करेगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस साल के आखिरी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जानी है। इस सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोटिंग ने अनुमान लगाया है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी कौन सी टीम जीतेगी और किस अंतर से वह सीरीज अपने नाम करेगी। रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 के अंतर से अपने नाम करेगी। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो लगातार टेस्ट सीरीज में कंगारू टीम को पटखनी दी और उसका इरादा सीरीज जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। वही, ऑस्ट्रेलिया ने भले ही भारत के खिलाफ लगातार तीन सीरीज गंवाई हो, लेकिन वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत को मात देने में कामयाब रहा। वैसे, मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में भारत और ऑस्ट्रेलिया टॉप 2 स्थानों पर जमी हुई हैं। रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू से बातचीत में कहा कि, मैं निश्चित ही चाहूंगा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम जीते। मैं कभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं जाऊंगा। आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोई मैच ड्रॉ हो सकता है तो कोई मैच खराब मौसम से प्रभावित हो सकता है। तो मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया 3-1 से सीरीज अपने नाम करेगी। बता दें कि, 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 22 नवंबर से होगी। पहला टेस्ट पर्थ में खेला जाएगा। एडिलेड में खेला जाने वाला दूसरा टेस्ट पिंक बॉल मुकाबला होगा। सीरीज का अंत सिडनी में नए साल के टेस्ट के साथ होगा। वहीं रिकी पोंटिंग ने कहा कि मेरे ख्याल से भारतीय टीम ने फाइट करना सीखा और कहा कि आप भारत के खिलाफ खेल रहे हैं।

ये अलग भारतीय टीम है। इनके पास विभिन्न लीडर्स और खिलाड़ी हैं और आपको हराने के लिए उन्हें जो करना पड़े, ये वो करते हैं।



# फीडर सेपरेशन के कार्य तेजी से पूर्ण किये जाये

## विद्युत कम्पनी की आरडीएसएस योजना की समीक्षा बैठक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** आरडीएसएस के तहत सतना जिले में चल रहे फीडर विभक्तिकरण योजना के कार्य तेजी से पूर्ण किये जाये। आरडीएसएस योजना के तहत 274 करोड 74 लाख रूपये लागत से सतना और मैहर जिले में 234 फीडरों में फीडर सेपरेशन का कार्य चल रहा है। जिले की सुगम और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण और महत्वाकांयोजना है। कार्यों की प्रापर मानीटरिंग भी सुनिश्चित की जाये।





इस आशय के निर्देश प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की उपस्थिति में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न आरडीएसएस योजना की समीक्षा बैठक में दिये गये। इस अवसर पर विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर अनुराग वर्मा, जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता सतना वृत्त पीके मिश्रा सहित संभागीय अभियंता एवं सहायक अभियंता विद्युत वितरण कम्पनी उपस्थित थे।

अधीक्षण अभियंता पीके मिश्रा ने बताया कि आरडीएसएस योजना में सतना और मैहर जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में कुल 234 फीडरों में फीडर सेपरेशन के लिए 274.74 करोड की राशि स्वीकृत है। जिसमें 7012 किमी 11 केवी लाइन 1183 किमी निम्न दाब लाइन और 3528 परिणा मित्र के कार्य किये जा रहे है। कार्य की पूर्णता अवधि 2 वर्ष और कार्य एजेंसी अशोका बिल्डिकान है। राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि योजना के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और कार्यों की प्रापर मानीटरिंग होनी चाहिए। सांसद सिंह ने कहा कि अब तक 11 केवी लाइन में 416 किमी निम्न दाब 300 किमी और परिणा मित्र में 298 का कार्य पूर्ण किया गया है। कार्यों में तेजी लाये जाने की आवश्यकता है।

विभागीय मेंटीनेंस कार्यों की समीक्षा में सांसद सिंह ने कहा कि वर्ष 2023-24 में विभागीय कार्य योजना के तहत 14 करोड 54 लाख के 339 कार्य पूर्ण किये गये हैं। इन कार्यों की सब डिविजन वार समीक्षा करे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं, इन्हें लगाने की प्रापर व्यवस्था करे। सांसद ने कहा कि विद्युत कम्पनी के अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने की शिकायतें अक्सर आती है। उन्होंने कहा कि विद्युत कम्पनी के अधिकारी उपभोक्ताओं के फोन अटेण्ड करें और वस्तु स्थिति से अवगत कराये तो आम उपभोक्ताओं को संतोष होगा और विभाग की शिकायतों की संख्या भी कम होगी। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि आरडीएसएस योजना में 17 नग प्रस्तावित 33 केवी लाइन का कार्य रेल विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। कार्यों की लागत 18 करोड है। जिसमें 5 कार्य पूर्ण 12 कार्य प्रगति पर हैं।

आरडीएसएस योजना में 4 करोड 56 लाख रूपये से 38 कैपेसिटर बैंक का काम पूर्ण कर लिया गया है। सभी कैपेसिटर बैंक चालू हो गये हैं। योजना में सतना वृत्त में 23.20 करोड की लागत से 9 सब स्टेशन बनाने का कार्य ऐके इन्फ्रा कर रही है। जिनमें खरमसेडा, झिन्ना, करसरा, धतूरा सब स्टेशन का कार्य पूर्ण है। जबकि कारीगोही, सिविल लाइन, बढौरा, मुडहा, पवैया का कार्य नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। सतना और मैहर जिले में कुल स्थापित ट्रांसफार्मर 22 हजार 503 में 915 बंद और खराब हुए जिनमें 712 ट्रांसफार्मर बदले गये हैं। शेष 203 ट्रांसफार्मर में 55 पात्र और 148 नान इलिजीबल है।

## बड़खेरा का इंसीनरेटर बंद

### इंडो वाटर वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट की अनुमति निरस्त, नियमों के उल्लंघन-गड़बड़ियों पर पीसीबी का एक्शन




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कोरोना काल मे इस्तेमाल की गई पीपीई किट और अन्य सामान को फिर बाजार में बेचने के मामले में सुर्खियों में छाए रहे बड़खेरा के इंडो वाटर वेस्ट एंड पॉल्युशन कंट्रोल कॉर्पोरेशन के प्लांट को बंद कर दिया गया है।

पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड ने एनजीटी के संज्ञान के बाद इस प्लांट को बंद करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इस इंसीनरेटर प्लांट के बंद हो जाने से आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

शहर के समीप अमरपाटन रोड पर ग्राम बड़खेरा स्थित इंडो वाटर वेस्ट एंड पॉल्युशन कंट्रोल कॉर्पोरेशन के इंसीनरेटर प्लांट को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने बंद कर दिया है। वर्ष 2007 में स्थापित इस प्लांट का संचालन अमोल मोहने नामक शख्स कर रहा था। बड़खेरा के इस प्लांट के कारण पूरे क्षेत्र की आबोहवा बिगड़ी हुई थी।

प्रदूषण और दुर्गंध से आस पास के गांवों में रहने वालों का सांस लेना भी दूभर था। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत की लेकिन हर बार जांच - पड़ताल के दिखावे और जुगाड़ के दम पर प्लांट संचालक बचता रहा। बाद में मामला एनजीटी तक पहुंचा तो मार्च में एनजीटी की संयुक्त टीम ने स्थल निरीक्षण कर खामियां पकड़ीं और प्लांट बंद करने का नोटिस देकर जवाब तलब किया था।

इंडो वाटर वेस्ट मैनेजमेंट ने एनजीटी को भी उचित जवाब नहीं दिया। पीसीबी के सतना कार्यालय ने इस पर संज्ञान लिया और मामला भोपाल भेजा और फिर जरूरी कार्यवाही करते हुए इस प्लांट को बंद करने का आदेश 12 अगस्त को जारी कर दिया गया। क्षेत्रीय अधिकारी पीसीबी सतना के अनुसार पीसीबी भोपाल ने तत्काल प्रभाव से इंसीनरेटर प्लांट बंद कर बिजली कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं।

नहीं था कुछ भी नियम अनुसार

बताया गया कि बड़खेरा के इस प्लांट में पुरानी मशीनों से काम किया जा रहा था। बायोमेडिकल वेस्ट का भस्मीकरण नहीं हो रहा था और मैकेनिकल फीडिंग सिस्टम भी नहीं था। चेम्बरों का तापमान सही नहीं था। दुर्गंध रोकने के कोई उपाय नहीं थे। इसके अलावा कम्पनी अपने निर्धारित क्षेत्र से बाहर जाकर नियम विरुद्ध बायो वेस्ट संग्रहण भी कर रही थी।

## मैहर जिले के अग्रसेन चौराहे पर 100 फीट की ऊंचाई पर लहराया विशाल तिरंगा

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जागरूकता रैली का आयोजन पूरे जिले में हर्षोउल्लास के साथ किया गया। इस दौरान नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। मैहर जिले के अलालुद्दीन चौक, घंटाघर, स्टेट बैंक चौराहा, जेल रोड से होते हुए अग्रसेन चौराहे में तिरंगा रैली यात्रा का समापन किया गया इस दौरान यात्रा का स्वागत नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया यात्रा का समापन अग्रसेन चौराहे पर 100 फिट की ऊंचे पोल पर तिरंगे झंडे को राष्ट्रगान के साथ फहरा कर किया गया। इस दौरान कलेक्टर रानी बाटड ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है। हम सबकों अपने देश के राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करना चाहिये। उन्होंने कहा कि तिरंगे को देखकर स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आदर एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती



है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश भक्ति का जज्बे के साथ ही देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व अग्रसेन चौराहे पर आकाश में लहराता हुआ तिरंगा को देखने हेतु सभी मैहर जिले के वासियों के लिए गौरव का पल है।

इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य, एसडीएम विकाश सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, सीएसपी राजीव पाठक, थाना प्रभारी अनिमेष दिवेदी सहित विभागीय अधिकारी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## दुर्घटना की आशंका वाली सडकों का रोड सेफ्टी आडिट कराये

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्घटना की प्रबल आशंका वाली सड़कों का रोड सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा और सतना जिले में मौजूद सड़कों के ब्लैक स्पॉट में सुधार की कार्यवाही से ब्लैक स्पॉट खत्म कर दुर्घटनाओं की आशंका कम की जाएगी। इस मौके पर प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी मुख्य रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि सतना शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित किया जाए। इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, एसडीएम नीरज खरे, राहुल सिलाडिया सहित विभागीय अधिकारी और सदस्य उमेश प्रताप सिंह, कमलेश गौतम भी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि सतना और मैहर सम्मिलित जिले में कुल 10 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए थे। तथा 54 दुर्घटना संभावित क्षेत्र रहे हैं। जिनमें 10 दुर्घटना संभावित क्षेत्र मैहर में चले गए हैं। डीएसपी संजय खरे ने सतना जिले के चिन्हित 5 ब्लैक स्पॉट में पिछले 3 वर्षों में हुई दुर्घटना हत-आहत व्यक्तियों और सुधार के किए गए उपायों की जानकारी में बताया कि पिछले 3 वर्षों में खाम्हा खूझा के ब्लैक स्पॉट पर 8 दुर्घटनाओं में 8, कृपालपुर में 8 दुर्घटनाओं में 2 व्यक्ति, बेला में 14 दुर्घटनाओं में 10 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। रनेही मोड के ब्लैक स्पॉट में 5 दुर्घटना में 2 मौत और दुबहाई पुलिया सेमरिया रोड में 5 दुर्घटना में 2 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इस प्रकार 3 साल में कुल 94 सड़क दुर्घटनाओं में 77 लोग घायल हुए तथा 34 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बेला ब्लैक स्पॉट पर टोल रोड में हुई दुर्घटना मृत्यु पर गहरी चिंता जताते हुए रोड का सेफ्टी ऑडिट कराने तथा ब्लैक स्पॉट खत्म करने की कार्यवाही के निर्णय लिए गए। डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि सतना से रीवा रोड और पन्ना रोड पर हैवी ट्राफिक रहता है और सर्किट हाउस चौक तथा सेमरिया चौक पर यातायात दबाव कम करने के उपाय जरूरी है। बैठक में सिविल लाइन चौक के समीप हेलमेट की संरचना हटाने, प्रतिहार होटल के सामने की खुली पुलिया की दीवार हटाकर समतल स्पेस बनाने और हनुमान मंदिर से कोठी रोड पर आवागमन के मार्ग सुगम करने के निर्देश दिए गए।

सतना शहर में नो इंट्री पाइंट के पुर्ननिर्धारण पर भी चर्चा की गई। इसमें यूसीएल तिराहे से पाइंट हटाकर मंडी तिराहे के पास तक ले जाने पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि पुराना मंडी का गेट खोलकर छोटा रास्ता बनाया जाएगा। नो इंट्री में 16 टन के भार क्षमता वाहन के आधार को संशोधित कर कमर्शियल सेवाओं में लगे ट्रैक्टर-ट्राली और चार पहिया, छह पहिया, भार वाहक ट्रैकों को बाजार में नो इंट्री के दौरान प्रतिबंधित करने के संबंध में भी विचार किया गया।

प्राइवेट बसों के बस स्टैंड से संचालन और कहीं भी बसें रोककर सवारी लेने की परंपरा पर चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि बस स्टैंड से आवागमन करने वाली यात्री बसों के शहर के भीतर स्थानक तय किये जाएं और इसके अलावा अन्य स्थानों पर बसें खड़ी करने पर कार्यवाही की जाएगी।

## डीडीए ने पकड़ीं खाद की अवैध बोरियां

### बिना दस्तावेज ट्रक में लोड कर सतना से ले जाई जा रही थीं मैहर



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** खाद की नकली बोरियां बनाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ होने के बाद अब सतना में खाद के अवैध परिवहन का मामला भी पकड़ा गया है। उप संचालक कृषि ने बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से ट्रक में ले जाई जा रही खाद की 100 बोरियां पकड़ी हैं। पुलिस ने खाद और ट्रक दोनों को जब्त कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, उप संचालक कृषि (डीडीए) मनोज कश्यप ने सोमवार की रात ट्रक नंबर एमपी 19 जीए 3821 में लोड कर ले जाई जा रही 100 बोरी खाद पकड़ी है। यह खाद नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की है जिसे बिना किसी दस्तावेज के सतना के शेरगंज स्थित गोदाम से मैहर ले जाया जा रहा था।

बताया जाता है कि डीडीए को खाद के अवैध परिवहन की खबर मिली थी लिहाजा वे टीम के साथ सोहावल रिंग रोड चौराहे के पास पहुंचे और ट्रक का इंतजार करने लगे। जैसे ही संबंधित ट्रक पहुंचा। उसे रोक कर जांच की गई तो उसमे 100 बोरी एनएफएल खाद लोड पाई गई।

ट्रक ड्राइवर ऋषभ वर्मा से पूछताछ कर दस्तावेज मांगे गए तो वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सका। हालांकि उसने सिर्फ इतना बताया कि खाद को बोरियां उसने शेरगंज फेज 2 गोदाम से लोड की थीं और इन्हें लेकर मैहर जा रहा था। ये खाद स्टेट बैंक मैहर के पास स्थित चंचल ट्रेडर्स में डिलीवर किया जाना था। लोडिंग के लिए उसे श्रीराम ट्रांसपोर्ट की तरफ से गोदाम भेजा गया था। डीडीए ने इसकी जानकारी सिविल लाइन पुलिस को दी जिसके बाद ट्रक को थाना ले आया गया। मौके पर डीएमओ विपणन संघ नेहा पीयूष तिवारी को भी बुलाया गया। उन्होंने जांच पड़ताल के दौरान पाया कि एनएफएल की खाद विपणन संघ के गोदाम की नहीं है। इसे खिलवानी नामक किसी निजी कारोबारी के गोदाम से लोड किया गया है। लेकिन खाद का परिवहन बिना संबंधित दस्तावेजों के किया जा रहा था। बताया जाता है कि कृषि विभाग एवं विपणन संघ को इस पूरे मामले की जांच के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

# अवैध शराब के साथ पकड़ा गया बदमाश

## बाइक के ट्यूब में भर कर ले जा रहा था शराब, पुलिस ने निकाली ओपन टाइगर की होशियारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** फिल्मी स्टाइल में अवैध शराब की तस्करी करने निकला एक बदमाश सतना की नागौद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने उसकी होशियारी निकाली और पकड़ कर सलाखों के पीछे धकेल दिया। उसने अपना नाम भी फिल्मी रख रखा था।




जानकारी के मुताबिक, नागौद थाना पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त एक शातिर बदमाश शुभम सिंह उर्फ ओपन टाइगर पिता नेपाल सिंह (27) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 55 लीटर अवैध शराब और बाइक नंबर (एमपी 19 एमएफ 0877) जब्त की गई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी शुभम सिंह ने अपना नाम ओपन टाइगर रख लिया था। वह बाइक से शराब की खेप इधर-उधर करता था। पकड़ा न जाए इसलिए उसने इसके लिए फिल्मी तरीका अपना रखा था।

वह अवैध शराब को बाइक के टायर के ट्यूब में भर लेता था और बेखौफ हो कर डिलीवरी करता रहता था। ऐसी ही खेप लेकर वह ग्राम जाखी से सितपुरा के लिए रवाना हुआ था कि इसी बीच नागौद पुलिस को सूचना मिल गई और पुलिस ने ओपन टाइगर को सलाखों के पीछे कैद कर लिया।

## आवेदन देते ही सोहौला के जयलाल को मिली कान की मशीन

### जनसुनवाई में 70 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मंगलवार की जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्यायें सुनी। जनसुनवाई में 70 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विकासखण्ड सोहावल अंतर्गत सोहौला निवासी जयलाल दाहिया जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर को आवेदन देकर उन्होंने कान की मशीन दिलाये जाने की मांग की। जयलाल को जनसुनवाई में ही तत्काल कान की मशीन उपलब्ध कराई गई। आवेदन देते ही समस्या का समाधान पाकर जयलाल दाहिया बहुत खुश हुए। उन्होंने शासन प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, गरीबी रेखा में नाम जोड़ने, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, राशन कार्ड बनाने, विद्युत समस्या, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन का कब्जा दिलाने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

# हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ेगा जिले का हर नागरिक: प्रतिमा बागरी

### राज्यमंत्री तिरंगा यात्रा में हुई शामिल

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान से प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के सभी जिलों के हर वर्ग और हर व्यक्ति से हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। सतना जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता के लिये जिले वासियों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की जा रही है। देश की आन-बान और शान के प्रतीक राष्ट्र-ध्वज तिरंगा को हर घर फहराने के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने मंगलवार को नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के नेतृत्व में पुलिस परेड ग्राउण्ड से अधिकारियों-कर्मचारियों, समाज सेवी संगठनों, महाविद्यालयीन, विद्यालयीन छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और आमजन के साथ मिलकर तिरंगा रैली निकाली गई। इस अवसर पर महापौर नगर निगम योगेश ताम्रकार,







स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

हर घर तिरंगा अभियान की यह रैली पुलिस परेड ग्राउण्ड सिविल लाइन से प्रारंभ होकर कोठी मोड सिविल लाइन चौराहा, सिविल लाइन चौपाटी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से होती हुई वापस परेड ग्राउण्ड पहुंची। जहॉ राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगा रैली का समापन किया गया। रैली के शुभारंभ से पूर्व राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को हर घर तिरंगा अभियान से जुडकर अपने घरों तथा संस्थानों में तिरंगा लगाने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर राज्यमंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान लोगों में राष्ट्रीय ध्वज और देश के प्रति स्नेह और सम्मान को प्रदर्शित करेगा। राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर न सिर्फ देश की स्वतंत्रता की गरिमा को बढ़ाएँ, बल्कि स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए उन सभी महान वीर क्रांतिकारियों और महापुरुषों के बलिदानों के प्रति सच्ची निष्ठा भी व्यक्त करें। खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला प्रशासान द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में खेल अधिकारी एसपी तिवारी, महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी नीरव दीक्षित, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, एसडीएम सिटी नीरज खरे शामिल है।

## मैहर जिले में 45 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 45 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकाश सिंह, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी, श्रम निरीक्षक नरेश पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान गुगडी बाई रजक पति मेनेजर रजक ग्राम झांझबरी बदेरा ने बताया कि हम अत्यंत गरीब है। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते है। गरीबी रेखा का कार्डधारक है विद्युत विभाग द्वारा बिना मीटर रीडिंग के मनमाना बिल भेजा जाता है शिकायत करने पर बताया गया कि मीटर खराब है। जिसे बदलने के लिए विभाग द्वारा पांच हजार रुपए की मांग की जा रही है। इसी तरह श्रृष्टि दहिया पिता रामपाल दहिया ग्राम ककरा ने बताया की पिता ऑटो चालक है और बीपीएल कार्ड धारक है जिसके अंतर्गत छोटे भाई विवेक का मिनिलैंड विद्यालय में एडमिशन किया गया था जो की कक्षा 10वीं तक पढ़ाया गया और अब टीसी (स्थानान्तरण प्रमाण) पत्र देने से मना किया जा रहा है। इसी प्रकार बेणी लाल पटेल पिता शंकर प्रसाद पटेल निवासी ग्राम धतूरा ने बताया की मेरे चार बच्चे जो कि मैहर के डिफेंस एकडमी विद्यालय में अध्ययन कर रहे थे। विद्यालय के द्वारा बताया गया कि तीन बच्चों पर एक बच्चे की फीस माफकरने की बात कही गई थी। लेकिन अब टीसी स्थानान्तरण प्रमाण पत्र देने से मना करते हुए 73 हजार रुपए की मांग की जा रही है। सभी आवेदनों के आधार पर कलेक्टर बाटड ने विभागीय जिला अधिकारी को संबंधित मामले की जांच करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।